
धनबाद, सोमवार
25 मई 2026
वर्ष : 03 अंक : 234
पृष्ठ : 08
मूल्य: 3 /-
E-Mail:-truthpath941@gmail.com

हिन्दी दैनिक समाचार

# ट्रूथ पथ



## ब्रीफ न्यूज

### बिहार के कृषि मंत्री ने बाबा बैद्यनाथ का दर्शन-पूजन किया

देवघर, (एजेंसी) : बिहार सरकार के वरिष्ठ भाजपा नेता सह कृषि एवं खान-भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा रविवार को बाबा नगरी देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा बैधनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ बाबा बैद्यनाथ का दर्शन-पूजन किया।

मंत्री विजय सिन्हा को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां संकल्प कराने के बाद उन्हें बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना कराई गई। मंदिर पहुंचने से पूर्व उन्होंने शिवगंगा तालाब पहुंचकर शिवगंगा के जल से आचमन किया और इसके बाद बाबा मंदिर में पूजा करने पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जब बिहार और झारखंड एक ही राज्य थे,तब उनका उपनयन संस्कार देवघर में ही हुआ था। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ से उनकी कामना है कि बिहार और झारखंड का मान-सम्मान बढ़े एवं दोनों राज्य अराजकता से मुक्त हों। उन्होंने कहा कि बिहार अपनी सांस्कृतिक विरासत और संस्कारों के बल पर पूरे देश में पुनः गौरव प्राप्त करे और देशभर के लोग इस पर गर्व महसूस करें।

### बाबा नायकधाम में वॉटर चिलर मशीन का उद्घाटन

देवघर, (एजेंसी) : अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से दिये गये और लायंस क्लब के सहयोग से बाबा नायकधाम, गंजोबाड़ी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगे वॉटर चिलर मशीन का उद्घाटन पीएम जेएफ लायन डॉ अरुण गुटगुटिया ने किया।

इस जनहितकारी पहल के माध्यम से नायकधाम आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भीषण गर्मी में शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वॉटर चिलर मशीन शुरू होने से विशेष रूप से गर्मी के मौसम में लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

इस अवसर पर डॉ अरुण गुटगुटिया ने कहा कि समाजहित में किए जाने वाले ऐसे कार्य अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना ही सच्ची सेवा है और इस प्रकार की पहल से समाज के हर वर्ग को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होता है। वहीं लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सदस्य लायन मनोज डालमिया ने कहा कि क्लब सदैव सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के बीच सकारात्मक योगदान देने का प्रयास करता रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी क्लब इसी प्रकार के जनकल्याणकारी से जुड़े कार्य निरंतर करेगा।

### कांग्रेस गांधीवादी मूल्यों के बजाय गालियों वाली पार्टी बन गई है: पूनावाला

नई दिल्ली,(एजेंसी) : लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी के मुस्लिम नेताओं से बैठक में एक ऐसी बात कह दी, जिसे लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। उन्होंने मुस्लिम नेताओं को अपने समुदाय से जुड़े मुद्दों को मुखरता से उठाने और उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग की सलाहकार परिषद की बैठक में राहुल गांधी ने कहा, कि अगर किसी मुसलमान के साथ अन्याय होता है तो उन्हें केवल ह्यअल्पसंख्यकह्न समूह के सदस्य के रूप में नहीं, बल्कि विशेष रूप से एक ह्यमुसलमानह्न के रूप में अपनी आवाज उठानी चाहिए। इसी के साथ राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं के साथ बैठक में इस बात पर भी जोर दिया कि अगर दलितों, ओबीसी या सामान्य वर्ग के सदस्यों पर हमले होते हैं तो उस विशिष्ट समुदाय की स्पष्ट रूप से पहचान करके इस मुद्दे को उठाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने जिस तरह से मुसलमानों के संदर्भ अपनी बात रखी उस पर राजनीति गरमा गई। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने राहुल गांधी पर सीधा हमला बोला।

# क्वेटा में रेलवे ट्रैक पर धमाका 23 की मौत, 30 घायल

क्वेटा(एजेंसी) : पाकिस्तान के क्वेटा शहर में एक बड़ा और भीषण बम धमाका हुआ है, जिसमें भारी संख्या में जान-माल के नुकसान की खबर है। शुरूआती स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह जोरदार धमाका क्वेटा में फ्रंटियर कोर के हेडक्वार्टर के गेट के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर हुआ। विस्फोट उस समय हुआ जब कैंट की तरफ से आ रही एक ट्रेन वहां से गुजर रही थी। धमाका इतना शक्तिशाली था कि ट्रेन की एक बोगी के परखच्चे उड़ गए, कई डिब्बे पटरी से उतर गए और रेलवे ट्रैक के आसपास के इलाके में भीषण आग लग गई।

जानकारी के अनुसार, इस दिल दहला देने वाले हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 30 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। सभी घायलों को इलाज के लिए क्वेटा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई की हालत नाजुक बनी हुई है। धमाके के बाद आसमान में धुएं का



भयंकर गुबार देखा गया और रेलवे ट्रैक के पास खड़े कई वाहन भी जलकर खाक हो गए। यह हादसा क्वेटा के मन फाटक इलाके में पेश आया है। यह आत्मघाती हमला ऐसे समय में हुआ है जब हाल ही में पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर ने क्वेटा का दौरा किया था और वहां तैनात टुकड़ियों के अधिकारियों व सैनिकों से बातचीत कर सुरक्षा माहौल की समीक्षा की थी। सेना के इस दौरे के बीच ही उग्रवादियों ने इस बड़े हमले को अंजाम दिया है।

माना जा रहा है कि यह हमला पाकिस्तानी सेना द्वारा बलूचिस्तान प्रांत में चलाए जा रहे उग्रवाद विरोधी अभियानों का बदला हो सकता है। दरअसल, प्रांतीय सरकार के प्रवक्ताओं के अनुसार, हाल ही में सुरक्षा बलों ने क्वेटा के बाहरी पहाड़ी इलाके मंगला जरघून गार में चार दिनों तक लंबा खुफिया अभियान चलाया था। इस सफल सैन्य कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने उग्रवादी समूहों के कई शिविरों और ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया था, जिसमें 35 उग्रवादी मारे गए थे और तीन वरिष्ठ कमांडरों को गिरफ्तार किया गया था। इस बड़ी सैन्य कार्रवाई की बौखलाहट में ही उग्रवादियों द्वारा इस आत्मघाती रेल धमाके को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद पूरे क्वेटा शहर और संवेदनशील ठिकानों पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है।

# भारत का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान: रुबियो

**जयशंकर ने अमेरिकी वीजा मुद्दा उठाया तो रुबियो, बोले- भारत नहीं है निशाने पर**

**-भारत-अमेरिका वार्ता के दौरान रक्षा, सुरक्षा और वैश्विक मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा**



नई दिल्ली,(एजेंसी) : भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देने के उद्देश्य से रविवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता हुई। अमेरिकी विदेश मंत्री के रूप में अपनी पहली भारत यात्रा पर आए रुबियो ने हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।वार्ता में दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा, व्यापार और वैश्विक रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही पश्चिम एशिया, यूक्रेन संघर्ष, भारतीय उपमहाद्वीप, पूर्वी एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय नागरिकों को अमेरिकी वीजा मिलने में आ रही कठिनाइयों का मुद्दा उठाया। इसके जवाब में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिका की नई आव्रजन और वीजा प्रणाली केवल भारत को लक्ष्य बनाकर लागू नहीं की जा रही है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए समान रूप से लागू हो रही है।रुबियो ने कहा कि अमेरिका वर्तमान में अपने इमिग्रेशन सिस्टम के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया से गुजर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में 20 मिलियन से अधिक लोग अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं, जिसके चलते व्यवस्था में व्यापक सुधार जरूरी हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है और भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है।अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका दुनिया का सबसे स्वागत करने वाला देश है और हर साल लगभग दस लाख लोगों को स्थायी निवास की अनुमति दी जाती है। उन्होंने अपने परिवार का उदाहरण देते हुए बताया कि उनके माता-पिता 1956 में क्यूबा से अमेरिका आए थे।लोकतांत्रिक मूल्यों की सराहना

रुबियो ने भारत को अमेरिका का सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक और रणनीतिक साझेदार बताते हुए दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों की सराहना की। वहीं, जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका ने हाल ही में 10-वर्षीय प्रमुख रक्षा भागीदारी ढांचा समझौते को नवीनीकृत किया है और अंडरवाटर डोमेन अवेयरनेस रोडमैप पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

# मप्र में ऑनलाइन हुई तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गणना में मिले 10 हजार 742 गिद्ध

भोपाल, (एजेंसी) : मध्य प्रदेश में इस वर्ष तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना रविवार को पूरी हो गई। एप के माध्यम से ऑनलाइन की गणना का कार्य विभिन्न वनमंडलों एवं टाइगर रिजर्व, राष्ट्रीय उद्यानों में किया गया। इस दौरान प्रदेशभर में 10 हजार 742 गिद्ध पाए गए, जिसमें 9394 वयस्क एवं 1348 किशोर गिद्ध शामिल हैं।जनसम्पर्क अधिकारी केके जोशी ने रविवार को बताया कि प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना-2026-27 के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन गणना 22 मई से 24 मई 2026 तक सूर्योदय से प्रातः 9 बजे तक प्रदेश के सभी 16 वृत्त, 9 टाइगर रिजर्व, वन विकास निगम के क्षेत्रों एवं अन्य संरक्षित क्षेत्रों में की गई। वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के अतिरिक्त स्वयंसेवकों के सहयोग से गिद्ध गणना का कार्य ऑनलाइन एप के माध्यम से किया गया है, जिससे आंकड़ों का संकलन शीघ्र हो पाया है।जनसम्पर्क अधिकारी जोशी ने बताया कि मध्य प्रदेश में प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना की शरूआत वर्ष 2016 से की गई थी, जिसमें 7,028 गिद्धों का आंकलन किया गया था। विगत वर्ष 2025 में शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना की गई थी। इस वर्ष 2026 में भी शीतकालीन गणना



की गई है। इस दौरान 9,509 गिद्ध पाए गए थे। इस वर्ष 10 हजार 742 गिद्ध की संख्या पिछले वर्ष की गिद्ध संख्या से लगभग 1200 ज्यादा है, जो कि बेहतर संरक्षण को इंगित करती है।

जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, गिद्धों की गणना के लिये 'ऑनलाइन एप' तैयार किया गया, जिसके माध्यम से गिद्धों की गणना की गई। 'एप' के माध्यम से गणना किये जाने पर आंकड़ों के संकलन एवं रिपोर्ट तुरंत लाइव प्राप्त होने से कार्य क्षमता में वृद्धि हुई है। एप के माध्यम से गणना किए जाने के लिये मास्टर ट्रेनर्स, अशासकीय संस्थाओं एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।गिद्धों की गणना के लिये गणनाकर्मी एवं स्वयंसेवक आदि सुबह सूर्योदय के तत्काल बाद प्रथम चरण में चयनित गिद्धों के घोंसलों के समीप पहुंच जाते थे। उन्होंने घोंसलों के आसपास बैठे गिद्धों एवं उनके नवजातों की गणना कर ऐप में उसकी जानकारी दर्ज की। गणना में केवल आवास/विश्राम स्थलों पर बैठे हुए गिद्धों को ही गणना में लिया गया। उड़ते हुए गिद्धों को गणना में नहीं लिया गया। इस वर्ष वन विभाग के कर्मचारियों के साथ पूरे प्रदेश के विभिन्न स्थानों में पक्षी विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, छात्र एवं स्थानीय नागरिकों ने इस गणना में भाग लिया। कंट्रोल रूम वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में बनाया जाकर गणना के बाद डाटा संकलन का कार्य किया जा रहा है।गौरतलब है कि मध्य प्रदेश पहले से चीता, टाइगर, तेंदुआ स्टेट है।

# एक बार फिर व्हाइट हाउस के बाहर अंधाधुंध गोलीबारी

**सुरक्षाबलों ने हमलावर को मारी गोली**

वॉशिंगटन(एजेंसी) : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान व्हाइट हाउस के बाहर सुरक्षा चौकी पर अचानक अंधाधुंध फायरिंग की घटना सामने आई है। वहां तैनात सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हमलावर को गोली मारकर अपनी गिरफ्त में ले लिया। इस घटना में हमलावर समेत दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक जांच के अनुसार, हमलावर मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा है, हालांकि सुरक्षा एजेंसियों ने अभी तक उसकी आधिकारिक पहचान और हमले के कारणों का खुलासा नहीं किया है।

सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना वाइट हाउस के पास स्थित 17वीं स्ट्रीट और पेनसिलवानिया अवेन्यू के सुरक्षा जांच केंद्र पर हुई। एक संदिग्ध व्यक्ति अचानक चौकी की तरफ बढ़ा और उसने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाकर्मियों की गोली लगने से वह वहीं गिर पड़ा। इस घटना की पुष्टि करते हुए एफबीआई डायरेक्टर



काश पटेल ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित कर चुकी हैं। पिछले एक महीने के भीतर राष्ट्रपति ट्रंप की सुरक्षा में चूक का यह दूसरा बड़ा मामला है, जिससे सुरक्षा तंत्र में हड़कंप मच गया है।

फायरिंग की आवाज सुनते ही वाइट हाउस परिसर में मौजूद मीडियाकर्मियों और अधिकारियों के बीच भगदड़ मच गई। डर के मारे कई पत्रकार अपनी जान बचाने के लिए ब्रीफिंग रूम की तरफ भागे। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने पूरे वाइट हाउस परिसर और उसके आसपास के संवेदनशील इलाकों को पूरी तरह सील कर दिया है। आम जनता के लिए इस मार्ग को बंद कर दिया गया है तथा एफबीआई और सीक्रेट सर्विस की टीमें इस पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच कर रही हैं।

जिस समय यह हमला हुआ, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ओवल ऑफिस में मौजूद थे। वे ईरान के साथ होने वाले संभावित शांति समझौते को अंतिम रूप देने के लिए इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब के राष्ट्राध्यक्षों के साथ फोन पर बेहद महत्वपूर्ण चर्चा कर रहे थे। हमले की सूचना मिलते ही अत्याधुनिक हथियारों से लैस सीक्रेट सर्विस के जवानों और नेशनल गार्ड्स ने पूरे वाइट हाउस को अपने घेरे में ले लिया। परिसर की सुरक्षा अत्यंत कड़ी कर दी गई है और फिलहाल किसी भी बाहरी व्यक्ति के आने-जाने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

# पश्चिम बंगाल में ममता का आखिरी किला ढहा, फलता में भाजपा की एक लाख वोटों से ऐतिहासिक जीत

कोलकाता, (एजेंसी) : पश्चिम बंगाल की फलता विधानसभा सीट पर हुए पुनर्मतदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए तृणमूल कांग्रेस के मजबूत गढ़ को ध्वस्त कर दिया। भाजपा प्रत्याशी देबाशीष पांडा ने एक लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की। इस परिणाम को राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

चुनाव परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने इसे ह्लतृणमूल कांग्रेस के पतन की शुरूआतह्व बताते हुए पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि फलता की जनता ने वर्षों बाद स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान कर लोकतंत्र को पुनर्स्थापित किया है।उपचुनाव के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी जहांगिर खान को लेकर रही। मतदान से दो दिन पहले उन्होंने चुनाव मैदान छोड़ने का ऐलान कर दिया था। इसके बाद भाजपा की जीत लगभग तय मानी जा रही थी।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी को एक लाख वोटों से जिताने का लक्ष्य रखा था। मतगणना के 18 राउंड तक भाजपा उम्मीदवार करीब 92 हजार वोटों से



आगे चल रहे थे, जबकि अंतिम जीत का अंतर एक लाख आठ हजार से अधिक पहुंच गया।

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पिछले लोकसभा चुनाव में इसी क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस को करीब 1.70 लाख वोटों की बढ़त मिली थी, लेकिन इस उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार को महज साढ़े पांच हजार के आसपास वोट मिले।मतदान के दौरान कई बूथों पर तृणमूल कांग्रेस का कोई एजेंट मौजूद नहीं था। वहीं, मतगणना केंद्र में भी पार्टी की सक्रियता बेहद कमजोर दिखाई दी।इस उपचुनाव में वाममोर्चा समर्थित उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी ने लगभग 37 हजार वोट हासिल कर ध्यान खींचा। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अब्दुर रज्जाक मोल्ला को करीब साढ़े नौ हजार वोट मिले।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तृणमूल कांग्रेस के कमजोर पड़ने से राज्य की विपक्षी राजनीति में नई संभावनाएं बन सकती हैं।

फलता उपचुनाव की पृष्ठभूमि काफी विवादित रही। विधानसभा चुनाव के दौरान कई बूथों के ईवीएम में इत्र, स्याही और टेप लगाए जाने जैसी अनियमितताओं के आरोप लगे थे। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने चुनाव रद्द कर पुनर्मतदान कराने का फैसला लिया था। इसी दौरान जहांगिर खान और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अजयपाल शर्मा के बीच तनाव की चचाएं भी राजनीतिक गलियारों में सुर्खियों में रहीं।राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद फलता में तृणमूल कांग्रेस की संगठनात्मक सक्रियता लगभग ठप पड़ गई थी। स्थानीय लोगों के बीच लंबे समय से वोट नहीं डाल पाने और ह्लथ्रेट कल्चरह्व के आरोपों को भाजपा ने चुनावी मुद्दा बनाया।

# हमारे 94 फीसदी से ज्यादा फॉलोअर्स और दर्शक भारत से ही हैं: दिपके

नई दिल्ली,(एजेंसी) : कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर अब एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने इस प्लेटफॉर्म को मिलने वाले समर्थन के पीछे पाकिस्तान और अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस का हाथ होने का इशारा किया है। इसके बाद पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने इस पर पलटवार किया है।

बता दें रिजिजू ने इस डिजिटल आंदोलन पर तीखा हमला बोला था। रिजिजू ने लिखा- मुझे उन लोगों पर तरस आता है जो सोशल मीडिया पर पाकिस्तान और जॉर्ज सोरोस गैंग से अपने फॉलोअर्स तलाशते हैं। भारत के पास अपनी पर्याप्त आबादी और अत्यधिक ऊर्जावान युवा हैं, जो वास्तविक और मूल्यवान फॉलोअर्स बन सकते हैं। भारत विरोधी गैंग से सत्यापन लेने की कोई जरुरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री के इस बयान के बाद कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने एक्स पर एक स्क्रीन रिकॉर्डिंग शेयर की।

अभिजीत दिपके ने दावा किया कि यह उनके आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के दर्शकों का डेमोग्राफिक डेटा है, जिसे उनका अकाउंट हैक होने से पहले मीडिया के साथ भी साझा किया गया था।




दिपके ने रिजिजू को टैग करते हुए लिखा- डेटा के मुताबिक हमारे 94 फीसदी से ज्यादा फॉलोअर्स और दर्शक भारत से ही हैं। आखिर एक केंद्रीय मंत्री भारतीय युवाओं को पाकिस्तानी का टैग क्यों दे रहे हैं? यह डिजिटल आंदोलन महज एक हफ्ते के अंदर देश के सबसे बड़े सोशल मीडिया पेजों में से एक बन गया है।बता दें इसकी शुरूआत की कहानी बेहद दिलचस्प है। एक सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक वकील के संदर्भ में की गई टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर कॉकरोच और परजीवी जैसे शब्द वायरल हो गए थे। हालांकि बाद में सीजेआई ने साफ किया कि उनकी टिप्पणियां केवल फर्जी और फर्जी डिग्री के सहारे वकालत में आने वाले कुछ लोगों के खिलाफ थीं और उनके बयान को गलत संदर्भ में पेश किया गया है। इस ऑनलाइन बहस का फायदा उठाते हुए अभिजीत दिपके ने कॉकरोच जनता पार्टी नाम से एक व्यंग्यात्मक पेज बनाया। जल्द ही यह प्लेटफॉर्म देश के युवाओं के बीच बेरोजगारी, परीक्षाओं के दबाव और भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं के खिलाफ विरोध का एक बड़ा मंच बन गया।बता दें देश भर में मेडिकल अभ्यर्थियों के बीच नीट-यूजी 2026 पेपर लीक को लेकर मचे बवाल के दौरान इस पेज की लोकप्रियता में भारी उछाल आया। छात्रों के गुस्से को आवाज देते हुए इस पेज ने इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स के मामले में कुछ ही दिनों में बीजेपी और कांग्रेस दोनों को पीछे छोड़ दिया।

## संक्षिप्त खबरें

# भीषण गर्मी में किरीबुरू पुलिस बनी राहत का सहारा, जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था




ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच किरीबुरू पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आम लोगों एवं राहगीरों के लिए स्वच्छ पेयजल की विशेष व्यवस्था की है। थाना क्षेत्र के सेंडल चौक, सेंडल मोड़, पुलिस चेक पोस्ट, सड़क किनारे तथा थाना परिसर में ठंडा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया गया है, ताकि गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिल सके। किरीबुरू थाना परिसर में आरओ का स्वच्छ एवं ठंडा पानी आम नागरिकों के लिए उपलब्ध कराया गया है। थाना प्रभारी रोहित कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना किसी संकोच के थाना पहुंचकर पानी पी सकता है। पुलिस का उद्देश्य इस भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाना और मानव सेवा का संदेश देना है। थाना क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर मिट्टी के घड़ों में ठंडा एवं स्वच्छ पानी रखा गया है। राहगीर, वाहन चालक, मजदूर एवं आम लोग अपनी सुविधा अनुसार वहां रुककर पानी पी रहे हैं। इस पहल से लोगों को तपती गर्मी में काफी राहत मिल रही है। स्थानीय लोगों ने किरीबुरू पुलिस की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

# पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार, पच्चास हजार नगद सहित अन्य सामान बरामद

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

जामताड़ा : साइबर अपराधियों के विरुद्ध जामताड़ा पुलिस का ऑपरेशन क्लीन लगातार संचालित हो रहा है। जिसमें पुलिस को सफलता भी मिल रही है। इसी कड़ी में जामताड़ा साइबर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह को मिले गुप्त सूचना के आधार पर कमार्टांड़ थाना क्षेत्र के मटटार तथा नारायणपुर थाना क्षेत्र के लोकनिया गांव में छापेमारी कर पांच साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना में जानकारी देते हुए रविवार को पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी के पास से पच्चास हजार रुपए नगद, 15 मोबाइल फोन 14 सिम कार्ड दो लैपटॉप तथा अन्य सामान बराबर किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दो साइबर अपराधी पूर्व में भी साइबर अपराध में जेल जा चुके हैं।

# भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान शुरू

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

हजारीबाग : पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन हजारीबाग के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में किया गया ।भाजपा के प्रदेश संगठन महा मंत्री कर्मवीर सिंह, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल,सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सेमत पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इस दौरान वक्ताओं ने संगठन के विस्तार में कार्यकताओं की भूमिका को सर्वोपरि बताते हुए वैचारिक मजबूती पर जोर दिया ।दो दिवसीय वर्ग में 12 विषयों पर चर्चा होना है ।जिसमें इतिहास, कार्य पद्धति और आधुनिक तकनीक जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी ।जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाना ही संगठन की शक्ति है। संगठन देश प्रेम की भावना से चलता है। हर एक कार्यकर्ता को बताया जा रहा है कि देश सर्वोपरि के सिद्धांत को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचना है। भाजपा के प्रदेश मंत्री अमरदीप यादव ने कहा जनसंघ से शुरू हुई यह यात्रा त्याग और संघर्षों की गाथा है, जिसके परिणामस्वरूप भाजपा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल है। कार्यक्रम के दौरान चित्र प्रदर्शनी लगाया गया ।जिसमें हजारीबाग की इतिहास और संगठन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# उप विकास आयुक्त ने पदभार ग्रहण किया

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

गुमला : भारतीय प्रशासनिक सेवा (झारखंड संवर्ग-2021) के अधिकारी अनिमेश रंजन ने रविवार को उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गुमला के पद पर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त ने उन्हें नई जिम्मेदारी हेतु शुभकामनाएं देते हुए जनहित एवं विकासात्मक कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए शुभेच्छा व्यक्त की। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की टीम भावना एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले के विकास को नई गति प्रदान की जाएगी। वहीं अनिमेश रंजन ने भी जिले के समग्र विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# दामोदर महोत्सव सोमवार को, राज्यपाल होंगे शामिल

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

रांची : युगांतर भारती के तत्वावधान में 22वें दामोदर महोत्सव की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। 22वां दामोदर महोत्सव लोहरदगा जिले के चूल्हापानी (सलगी) में सोमवार को मनाया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे ।अतिविशिष्ट अतिथि के रुप में लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत उपस्थित रहेंगे ।समारोह की अध्यक्षता दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता और जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय होंगे। युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने बताया कि 22वें दामोदर महोत्सव को इस वर्ष राज्य के 47 अलग-अलग इलाकों में मनाया जाएगा। इसी दिन गंगा दशहरा है, इसलिए इस दिन का महत्व खास हो गया है। उन्होंने बताया कि 2004 में चूल्हा पानी से ही दामोदर बचाओ आंदोलन की शुरूआत हुई थी ।इस बीच 22 साल तक हर साल यहां पर आयोजन होते रहे। अंशुल शरण ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे उद्गम स्थल पर पूजन होगा। 12.53 में राष्ट्रगान जबकि 12.55 बजे दीप प्रज्वलन किया जाएगा।

# खूंटी में नए उपायुक्त ने संभाला कार्यभार, ग्रासरूट स्तर तक पहुंचेगी योजनाएं

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

खूंटी : खूंटी जिले को मात्र 35 दिन बाद फिर मिले नए उपायुक्त, 35 दिन पूर्व सौरभ कुमार भुवानिया उपायुक्त बनाए गए थे लेकिन उनकी पोस्टिंग देवघर की गई और जिले में मो. जावेद हुसैन को खूंटी उपायुक्त की जिम्मेवारी सौंपी गई। रविवार को उपायुक्त कक्ष में नए उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने डीसी सौरभ कुमार भुवानिया से पदभार ग्रहण किया ।नए उपायुक्त मो. जावेद हुसैन झारखंड के कोडरमा जिले के स्थाई निवासी हैं। स्कूली शिक्षा डीएवी कोडरमा से करने के बाद डीपीएस बोकारो से प्लस टू की पढ़ाई पूरी की। उसके बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई भोपाल से की तत्पश्चात इंडियन ऑयल में सर्विस की। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2019 बैच के पदाधिकारी हैं। रामगढ़ में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में कार्यरत रहे फिर मेदिनीनगर में नगर आयुक्त तथा पलामू में उपविकास आयुक्त के पद पर कार्यरत रहे।




उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता होगी। ग्रासरूट लेवल तक लोगों को योजनाओं का लाभ मिले तथा अंतिम पायदान के लोगों को भी उचित लाभ मिले इसके निमित कार्य किए जायेंगे। साथ ही जनगणना और एसआईआर के कार्य सही तरीके से संपन्न हो सके इसके लिए जिलावासियों के सहयोग की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले पर्व त्योहारों के मद्देनजर जिले में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बेहतर हो। सबके सहयोग से जिले में शांतिपूर्ण सुरक्षित माहौल में विकास कार्य सम्पादित किए जाएंगे।

# बियर ब्रांड के डिस्ट्रीब्यूशन और निवेश के नाम पर एक करोड़ की ठगी

## -आरबीडीपीएल के निदेशक की शिकायत पर 5 लोगों पर एफआईआर दर्ज

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

रांची, : रांची में बियर ब्रांड के डिस्ट्रीब्यूशन और निवेश के नाम पर एक करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में अरगोड़ा थाना में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामला आरबीडीपीएल के निदेशक राज कुमार पाठक की शिकायत पर दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता राज कुमार पाठक ने आरोप लगाया है कि 2024 के अगस्त माह में अजय कुमार, कुमार संभव और वृंदा संभव ने उनसे संपर्क कर बियर की बिक्री और वितरण के लिए डिस्ट्रीब्यूटर बनने का प्रस्ताव दिया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरोपियों ने बताया कि उनकी कंपनी बीयर का संचालन करती है और व्यवसाय से जुड़े सभी जरूरी लाइसेंस, निबंधन एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। राज कुमार पाठक के मुताबिक उनकी कंपनी ने प्रस्ताव पर सहमति जताई और दोनों कंपनियों के बीच एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद आरोपियों ने निवेश और व्यवसाय विस्तार के नाम पर एक करोड़ रुपए लिए। शिकायत में कहा गया है कि पैसे लेने के बाद आरोपी लगातार बियर सप्लाई को लेकर टालमटोल करते रहे। बाद में कुमार संभव के हस्ताक्षर से एक पत्र भेजा गया, जिसमें व्यवसायिक समझौता समाप्त करने की जानकारी दी गई। साथ ही बकाया राशि लौटाने का आश्वासन भी दिया गया। आरोप है कि काफी दबाव के बाद आरोपियों ने ईएलपीएल कंपनी के नाम से 10-10 लाख रुपए के कुल 10 चेक दिए। इनमें से एक चेक जब 17 मार्च को जमा किया गया तो भुगतान रोक दिए जाने के कारण वह बाउंस हो गया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने आरोपितों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने बातचीत बंद कर दी।

# जिले मे नो हेलमेट नो पेट्रोल का सख्ती से हो पालनः उपायुक्त

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

लातेहार : समाहरणालय के सभागार मे उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया ।उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करें ।सड़क सुरक्षा अभियानों की प्रगति लाने और व्यापक जनजागरूकता अभियान पर विशेष बल दिया गया ।सड़क किनारे झाड़ियों की सफाई सुनिश्चित करने और मुख्य पथों पर कॉन्वेक्स मिरर, स्पीड ब्रेकर और रोड साइन लगाने के निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देशित किया कि नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग, बिना निबंधन और बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ।उपायुक्त ने नो हेलमेट नो पेट्रोल पर कहा कि हेलमेट को लेकर किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। पेट्रोल पंप वाले यह सुनिश्चित करें कि बगैर हेलमेट वाले को पेट्रोल नहीं दें तथा इसका सख्ती से पालन करें ।साथ ही मोटरसाइकिल डीलरों को प्रत्येक वाहन के साथ अनिवार्य रूप से हेलमेट उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया ।लातेहार, चंदवा व बालूमाथ के मुख्य सड़क पर जाम की स्तिथि से निपटने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को बस एसोसिएशन, ऑटो एसोसिएशन, ट्रक एसोसिएशन, कोल माइंस ट्रांसपोर्टर के साथ बैठक करते हुए शहर को जाम मुक्त बनाने हेतु उपायों पर अमल लाने को कहा गया ।नगर पंचायत लातेहार को जाम मुक्त कराने हेतु मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा सड़क के दोनों साइड चौड़ीकारण करने का निर्देश दिया गया ।बैठक में कई अधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : हंसडीहा थाना क्षेत्र के सिमरा गांव निवासी मोहन राउत ने सड़क दुर्घटना में अपने पुत्र की मौत के मामले में थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिमरा निवासी गौतम कुमार 24 वर्ष, पिता मोहन राउत, 07 अप्रैल की शाम अपनी मोटरसाइकिल से नोनीहाट बाजार से कुरमाहाट की ओर जा रहा था ।इसी दौरान कुंजी पुल के समीप हंसडीहा की ओर से तेज गति एवं लापरवाही से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि




गौतम कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से उसे तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया ।इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए पश्चिम बंगाल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई ।मृतक के पिता मोहन राउत ने बताया कि पुत्र के इलाज, देखभाल एवं अंतिम संस्कार में व्यस्त रहने के कारण वे थाना में आवेदन नहीं दे सके। बाद में उन्होंने हंसडीहा थाना पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई तथा अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आवेदन के आधार पर हंसडीहा थाना कांड संख्या 48/26 दर्ज कर लिया है ।पुलिस दुर्घटना में शामिल अज्ञात ट्रक एवं उसके चालक की पहचान करने में जुटी हुई है।

# पढ़ाई को बोझ नहीं, अपनी किस्मत बदलने का शक्तिशाली हथियार समझे : बीरबल किसान

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

गुमला : नगेसिया किसान समाज जिला समिति गुमला द्वारा सितारा संस्था सभागार सिसई रोड गुमला में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि हाईस्कूल पालकोट के शिक्षक बीरबल किसान एवं विशिष्ट अतिथि जेई मुनेश्वर नगेसिया सहित समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया ।मौके पर अतिथियों ने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगेसिया समाज के इंटर टॉपर छात्र उपेंद्र नगेसिया, कलावती कुमारी, मनीष किसान एवं मैट्रिक टॉपर छात्र कंसदेव किसान, रूपा कुमारी व मीना कुमारी को सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि शिक्षक बीरबल किसान ने कहा कि छात्र जीवन में सफलता पाने का सबसे बड़ा मंत्र कड़ी मेहनत, निरंतरता और खुद पर अटूट विश्वास है। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि जब आपको पढ़ने में मन नहीं लगे तो अपने भविष्य की उस खुबसूरत तस्वीर को याद करें, जो आपकी सफलता से जुड़ी है। इसलिए पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि अपनी किस्मत बदलने का सबसे शक्तिशाली हथियार समझे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा कि था कि सपने वो नहीं होते, जो हम सोते वक्त देखते हैं ।सपने वो होते हैं, जो हमें सोने नहीं देते ।विशिष्ट अतिथि जेई मुनेश्वर नगेसिया ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई से कभी भागना नहीं चाहिये। शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो जीतना पियेगा उतना दहाड़ेगा ।यदि शिक्षा को आप बोझ समझ कर छोड़ देते हैं, तो आप समाज के विकास की धारा से जुड़ने की जगह सैकड़ों साल पीछे चले जायेंगे। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र नगेसिया ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया ।कार्यक्रम में जिला महासचिव बीएन नगेसिया, संयोजक गोडविन सत्येंद्र किसान, सिमडेगा जिलाध्यक्ष इंद्रजीत किसान, समाजसेवी कमल किशोर किसान, चंद्रशेखर बैगा, कमले नगेसिया, कलेश्वर, दिनेश, शंकर, भीम, मंगलेश्वर, कार्तिक, बसंत, दुर्गा, नंदलाल, राजू, दीपलाल, सुचिता, शकुंतला, नितिश, अनिषा, निशा सहित काफी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

# मल्लिकार्जुन खरगे से मिले इरफान अंसारी, विभागों की उपलब्धियों की सौंपी रिपोर्ट

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

रांची : स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति व आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने नयी दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से शिष्टाचार मुलाकात की ।मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा दलित, आदिवासी, पिछड़े व अल्पसंख्यक समाज के हितों के लिए समर्पित रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विरोधी चाहे जितना निशाना साधें, हमेशा जनता के साथ खड़े रहें। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपने विभागों की उपलब्धियों की रिपोर्ट सौंपी और कहा कि केंद्रीय नेतृत्व का यह भरोसा उनका मनोबल बढ़ाने वाला है ।वे पूरी निष्ठा से झारखंड के विकास और जनता की सेवा में जुटे रहेंगे ।इस अवसर पर तेलंगाना सरकार के कैबिनेट मंत्री व पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह की मनाई गई पुण्यतिथि

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : राकोमयू ने इसीएल मुगमा क्षेत्र के खुदिया कोलियरी में पूर्व मंत्री स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह का छठी पुण्यतिथि मनाई गयी ।यूनिनय के सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किय। इसीएल रीजनल कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर अजय कुमार, हिमांशु सिंह, विशाल गुप्ता, हरिपदो राय, विरेंद्र चौहान, प्रदीप कुमार, देव दास, देव दुलाल कुंवर, मंटु कुंभकार, नरेश राम, राम पाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीसीएल ने जारी किया स्पोर्ट्स कैलेंडर

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

रांची : सीसीएल ने वर्ष 2026-27 का स्पोर्ट्स कैलेंडर जारी किया है। इसके अनुसार जून माह में चेस और कैरम के साथ-साथ बैडमिंटन और टीटी की अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता होगी ।चेस आम्रपाली चंद्रगुप्त व बैडमिंटन मुख्यालय में होगा। जुलाई माह में ढोरी में कबड्डी, अरगड्डा में फूटबॉल प्रतियोगिता होगा। अगस्त माह में सांस्कृतिक मीट का आयोजन एनके एरिया में होगा ।सितंबर माह में कुजू में वॉलीबॉल, अक्तूबर में कथारा में हॉकी, नवंबर माह में हजारीबाग में एथलेटिक्स मीट का आयोजन होगा। नवंबर और दिसंबर में पिपरवार में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। कंपनी के महाप्रबंधक संजय कुमार ठाकुर ने इसे जारी किया है ।इसके अतिरिक्त सीसीएल के संविदाकर्मी, कॉलोनी स्पोर्ट्स और महिला खेलकूद का आयोजन भी होगा।

# जामताड़ा एसपी ने नारायणपुर थाना का निरीक्षण किया, दिया निर्देश

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

जामताड़ा : जामताड़ा पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने रविवार को नारायणपुर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना के विभिन्न अभिलेखों, अपराध संबंधी मामलों एवं प्रशासनिक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की ।इस अवसर पर एसपी शंभु कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा वर्ष में एक बार थाना का औपचारिक निरीक्षण किया जाता है, जिसके तहत नारायणपुर थाना का निरीक्षण किया गया। उन्होंने थाना में संधारित अभिलेखों की जांच कर यह जानकारी ली कि सभी रजिस्टर एवं दस्तावेजों का संधारण सही तरीके से किया जा रहा है या नहीं ।निरीक्षण के दौरान थाना से संबंधित अपराधकर्मियों, लंबित मुकदमों एवं अन्य समस्याओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अधिकांश अभिलेखों का संधारण संतोषजनक पाया गया, जबकि कुछ मामूली त्रुटियों को सुधारने का निर्देश दिया गया।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर पूछे गए सवाल पर एसपी ने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर पिकअप वैन के तेज गति से परिचालन पर विशेष नजर रखी जाएगी तथा पुलिस अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है ।इसके अलावा उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन सहित कई अन्य बिंदुओं पर थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए ।मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशीम रजा , थाना प्रभारी मुराद हसन सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# देर रात केंद्रीय कारा में प्रशासन का बड़ा सर्च ऑपरेशन

## 150 जवानों के साथ हुई सघन जांच

गिरिडीह : मोहनपुर स्थित केंद्रीय कारा में देर रात जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की टीम ने एक व्यापक औचक छापेमारी और सघन तलाशी अभियान चलाया। उपायुक्त रामनिवास यादव और पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के संयुक्त नेतृत्व में रात करीब 10:45 बजे यह कार्रवाई शुरू हुई। इस अभियान में लगभग 45 आला अधिकारी और 150 पुलिस के जवान शामिल थे, जिन्होंने बेहद सुनियोजित तरीके से पूरे जेल परिसर को खंगाला। करीब दो घंटे तक चले इस सघन तलाशी अभियान के दौरान पुरुष बंदियों के 5 ब्लॉक में मौजूद 20 वार्डों की गहन जांच की गई। इसके अलावा, महिला पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की विशेष टीम ने महिला वार्ड की भी



बारीकी से तलाशी ली। प्रशासनिक टीम ने जेल के हर वार्ड में जाकर बंदियों की गतिविधियों और वहां की आंतरिक व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जेल के भीतर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न पहुंचे और कोई संदिग्ध गतिविधि न हो। तलाशी के अलावा अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की भी जांच की। इस दौरान संतरी की तैनाती, ड्यूटी रोस्टर, बंदियों से मुलाकात की प्रक्रिया, साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का विस्तार से जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि इस औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना था। पूरी कार्रवाई संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने जेल अधीक्षक को अनुशासन और कड़ी निगरानी व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

ट्रुथ पर्थ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक कुमार भारती के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रीटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर के.जी. आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रिक एवं नियर भाटिया शिव मंदिर, गांधी नगर धनबाद से प्रकाशित फोन नं. 7004605076, 9852421580

संपादकः- रवि रंजन * इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उतरदायी। ई. मेलः-truthpath941@gmail.com आर. एन. आई.नंबर .-JHAHIN/2023/90593

# गर्मी से बचाव के लिए प्रमुख चौराहों पर लगाए गए अस्थायी छायादार शेड





ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : भीषण गर्मी से राहगीरों और वाहन चालकों को राहत देने के उपाय जिला प्रशासन ने किए हैं। शहर के प्रमुख ट्रैफिक सिग्नलों और व्यस्त सड़कों के किनारे अस्थायी छायादार शेड का निर्माण किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विभिन्न चौक चौराहों के ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने वाले दुपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को सीधे सिर पर पड़ने वाली चिलचिलाती धूप और लू से बचाना है। ये शेड विशेष रूप से उन चौराहों पर लगाए गए हैं जहाँ ट्रैफिक होल्डिंग टाइम ज्यादा है। टेंट शेड को इस तरह स्थापित किया गया है जिससे यातायात की आवाजाही में कोई बाधा न आए और न ही वाहन चालकों की विजिबिलिटी (दृश्यता) प्रभावित हो। डीसी ने कहा कि इस समय गर्मी का पारा काफी बढ़ चुका है। ऐसे में दुपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने के दौरान सबसे ज्यादा परेशानी होती है। नागरिकों को हीट स्ट्रोक से बचाना और उन्हें थोड़ी राहत देना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। जिला प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे दोपहर के समय बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीकर निकलें और यातायात नियमों का पालन करते हुए इन शेड्स का अनुशासित ढंग से लाभ उठाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा प्रशिक्षण शिविर में संगठन मजबूती पर जोर

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : धनबाद में भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। ह्यपंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026ह्व के तहत आयोजित इस शिविर में संगठन विस्तार, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन और आगामी पंचायत व विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया गया।प्रशिक्षण शिविर में नेताओं ने कार्यकताओं को अनुशासन और संगठन की मजबूती का पाठ पढ़ाया, वहीं राज्य की हेमंत सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पानी, बिजली और विकास जैसे मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है और जनता इसका जवाब आने वाले चुनाव में देगी।धनबाद महानगर में आयोजित भाजपा के इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में दूसरे दिन यानी रविवार को बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, झरिया विधायक रागिनी सिंह और धनबाद विधायक राज सिन्हा समेत कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल हुए।शिविर में पार्टी की विचारधारा, कार्य विस्तार, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया, नमो ऐप और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकताओं से अनुशासित रहकर पार्टी की रीति-नीति को घर-घर पहुंचाने की अपील की।प्रशिक्षण वर्ग में वक्ताओं ने भाजपा की केंद्र सरकार की योजनाओं, अखंड भारत की अवधारणा और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया।वहीं भाजपा विधायकों ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि राज्य में पानी, बिजली और विकास की स्थिति बदहाल है। उन्होंने ह्यमईया सम्मान योजनाह्व के सत्यापन को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।नेताओं ने दावा किया कि जिस तरह बंगाल में भाजपा मजबूत हुई है, उसी तरह झारखंड में भी आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनेगी।शिविर के पहले दिन राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, डॉ. नीरा यादव, अभय सिंह और अन्य नेताओं ने विभिन्न विषयों पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।वहीं समापन सत्र में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रविंद्र राय ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और 2027 पंचायत चुनाव में भाजपा की भूमिका पर चर्चा की।

### विभागीय लापरवाही से बहुत संख्या 184 के 450 मतदाता का नाम सूची से गायब



सूची से नाम गायब होने पर बढ़ी मतदाताओं में परेशानी व चिंता

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद: विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान धनबाद के झरिया विधानसभा क्षेत्र में बड़ा मामला सामने आया है। वार्ड संख्या 43 के मतदान केंद्र संख्या 184 का लगभग 450 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से गायब पाए जाने के बाद लोगों में भारी नाराजगी और चिंता का माहौल देखा गया।रविवार को (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत मतदान केंद्रों पर अनमैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित की गई। इसी दौरान यह चौंकाने वाला मामला उजागर हुआ। जानकारी के अनुसार वर्ष 2003 की मतदाता सूची के पृष्ठ संख्या 2 से 5 तक विभाग को उपलब्ध नहीं हो पाया हैं। इसी कारण उन पन्नों में दर्ज सभी मतदाताओं के नाम अनमैप्ड सूची में डाल दिए गए है।इस संबंध में बीएलओ प्रीति शर्मा ने बताया कि पुरानी मतदाता सूची के कुछ पन्ने नहीं मिलने के कारण तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम उन पन्नों में थे, उन्हें फिलहाल अनमैप्ड सूची में शामिल किया गया है। साथ ही इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दे दी गई है।

इधर मतदाता सूची से नाम गायब होने के बाद स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश है। मतदाताओं का कहना है कि गलती विभाग की है, लेकिन परेशानी आम लोगों को झेलनी पड़ रही है। लोगों को डर सता रहा है कि कहीं एस-।आईआर प्रक्रिया के दौरान उनका नाम स्थायी रूप से मतदाता सूची से न काट दिया जाए।स्थानीय यह मतदाता प्रदीप प्रसाद, संजीव भारती समेत अन्य लोगों ने बताया कि इस मामले को लेकर धनबाद के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी और झरिया के निर्वाचन अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

हालांकि निर्वाचन विभाग की ओर से कहा गया है कि जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं हैं, वे वैध दस्तावेजों के साथ आवेदन देकर अपना नाम पुनः जुड़वा सकते हैं। विभाग ने लोगों से घबराने की बजाय आवश्यक दस्तावेज जमा करने की अपील की है।

### अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा का राष्ट्रीय विमर्श आयोजित



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग सयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में कांस्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में राष्ट्रीय विमर्श कार्यक्रम में डा.ओम सुधा राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में युजीसी गाईडलाइन्स को लागू कराने,एससी एक्ट को कमजोर करने के प्रयासों का विरोध जातिगत भेदवाभ एवं उत्पीड़न रोकने,निजीकरण का विरोध,जाति जनगणना में जाति का कॉलम जोड़ने प्रमोशन में आरक्षण, बैंकलॉग सीटों की भर्ती,मंडल कमीशन की सभी सिफारिशों को लागू करने, महाबोधि मन्दिर की मुक्ति, ओपीएस. लागू करने,

जल, जंगल और जमीन पर आदिवासियों के अधिकार, महिला आरक्षण में कोटे के अंदर कोटा,संविधान की रक्षा समेत एससी, एसटी एवं पिछड़ा वर्ग से जुड़े तमाम मुद्दों पर विमर्श किया गया।

### भौंरा राकोमयू कार्यालय में मजदूर नेता स्व. राजेंद्र सिंह को किया गया याद, छठी पुण्यतिथि पर मजदूरों ने दी श्रद्धांजलि

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद :भौरा स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यालय में इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह की 6 वीं पुण्यतिथि मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संयुक्त महामंत्री एसके शाही ने की। श्री शाही ने कहा कि स्वर्गीय राजेन्द्र बाबू हमारे बीच नहीं रहने से मजदूर आंदोलन के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने मजदूरों के हक और कल्याण के लिए राजेंद्र बाबू के योगदान को याद किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रत्याशी सतीश चंद्र रजक ने राजेन्द्र बाबू को अंतरराष्ट्रीय स्तर का मजदूर नेता बताते हुए कहा कि उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा रहेगा।पुण्य तिथि पर स्वर्गीय राजेन्द्र बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया।

## कोयला चोरी मामले में आजसू का प्रशासन पर हमला, आंदोलन और चक्का जाम की चेतावनी



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : जिला आजसू पार्टी की ओर से रविवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में हाल के दिनों में कोयला चोरी के विरोध को लेकर हुए विवाद और पुलिस कार्रवाई पर चर्चा की गई।बैठक का मुख्य मुद्दा आजसू नेत्री रजनी रवानी द्वारा कोयला चोरी के खिलाफ थाना में दिए गए आवेदन के बाद की घटनाओं को लेकर रहा। पार्टी नेताओं का आरोप है कि आवेदन देने के बाद कोयला तस्करों द्वारा रजनी रवानी समेत कई आजसू कार्यकताओं पर हमला किया गया, जिसमें एक निर्दोष व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बावजूद पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय आजसू कार्यकताओं को ही जेल भेज दिया।आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संतोष महतो ने कहा कि धनबाद में प्रशासन दोहरी नीति अपना रहा है और राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोयला चोरी रोकने के लिए पार्टी द्वारा पुलिस को आवेदन दिया गया था, लेकिन पुलिस ने शिकायतकताओं पर ही कार्रवाई कर दी।उन्होंने कहा कि इसी मुद्दे को लेकर बैठक आयोजित की गई है और जल्द ही आजसू पार्टी धनबाद में बड़ा आंदोलन करेगी। साथ ही चक्का जाम करने की भी चेतावनी दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की मिलीभगत से ही जिले में कोयला चोरी हो रही है।

## आउटसोर्सिंग के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र में चल रहे देवप्रभा कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध तेज हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग कंपनी की मनमानी और लगातार हो रही ब्लास्टिंग से इलाके के घरों में दरारें पड़ रही हैं और लोगों में दहशत का माहौल है। विरोध कर रहे युवा समाजसेवी सह दलित नेता मुकेश भुईयां को पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए हिरासत में लिए जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को धनसार थाना का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

धनसार थाना क्षेत्र स्थित चांदमारी कोलियरी दुर्गा मंदिर के पीछे संचालित देवप्रभा कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि माइनिंग कंपनी द्वारा लगातार ब्लास्टिंग और डस्टिंग किए जाने से आसपास के घरों में दरारें पड़ने लगी हैं। इसके साथ ही पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने पहले बाउंड्री के बाहर खुदाई नहीं करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब रात के समय बाउंड्री वॉल तोड़कर आगे भी खुदाई की जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर आवाज उठा रहे युवा समाजसेवी सह दलित नेता मुकेश भुईयां को पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए थाना बुलाए जाने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।बड़ी संख्या में ग्रामीण धनसार थाना पहुंच गए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने प्रशासन से आउटसोर्सिंग कंपनी की मनमानी पर रोक लगाने और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है, वहीं ग्रामीण प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

## ग्रामीणों ने जलापूर्ति की मांग को ले डायवर्सन को जाम कर पुल निर्माण कार्य रोका

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत की मुखिया मलिका मेहर निगार के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं ने मैथन मोड़-संजय चौक रास्ते के डायवर्सन को रविवार दिन में जलापूर्ति प्रारंभ करने की मांग को लेकर जाम कर दिया और पूल का काम भी बंद कर दिया।लगभग ढाई बजे पाइप लाइन जोड़ने के लिए मिस्त्री के आने के बाद मुखिया ने जाम हटाया। डायवर्सन के जाम रहने से खासकर दो पहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और लंबी दूरी तय कर उनलोगों को गन्तव्य तक जाना पड़ा।जाम के दौरान मामूली झड़प भी देखने को मिला।सड़क जाम की सूचना पर कुमारधुबी व मैथन पुलिस पहुंची और जाम कर रहे मुखिया को समझाने का प्रयास किया। सूचना पर शिवलीबाड़ी पूरब के मुखिया तनवीर आलम भी पहुंचे।पथ निर्माण विभाग द्वारा मैथन मोड़-संजय चौक रोड में झिलिया नदी पर नए पूल का निर्माण कर रही है।पूल के बगल से ही शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के रहमतनगर मुहल्ले में पाइप गई हुई है।ढलाई के कारण ठेकेदार द्वारा संबंधित मुखिया प्रतिनिधि से संपर्क कर तीन दिन का समय लिया लेकिन मुखिया मलिका मेहर निगार का कहना है कि 15 दिन बीत जाने के बाद भी पाइप नहीं जोड़ा गया।मुखिया का कहना है कि उनके पंचायत क्षेत्र के रहमतनगर में 15 दिन से जलापूर्ति ठप्प है जिससे लगभग दो-ढाई हजार की आबादी इस भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रही है। मजबूरन महिलाओं के साथ सड़क पर तपती धूप में बैठना पड़ रहा है।कहा कि इस भीषण गर्मी में एक-एक बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। लोगों को दूर दूर से पानी ढो कर लाना पड़ रहा है।महिलाओं एवं स्थानीय लोगों ने संवेदक के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई।रहमतनगर के ग्रामीण काफी संख्या में पहुंचे थे।

## मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद,:नब्बे दिवसीय अवेयरनेस एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), धनबाद द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर रविवार को बस्ताकोला स्थित जीवन एनजीओ में मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के अधिकारों एवं उनके लिए संचालित विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बताया गया कि मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा तथा सम्मानजनक जीवन जीने का समान अधिकार प्राप्त है। साथ ही सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सुविधाओं एवं कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके समावेशी विकास में सहयोग करे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को निःशुल्क विधिक सहायता, बाल अधिकार संरक्षण तथा सामाजिक कल्याण योजनाओं के लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

इस अवसर पर पैरा लीगल वॉलंटियर चंदन कुमार, गीता कुमारी, हेमराज चौहान, अनामिका सिंह, नवीन कुमार, डिपेंटी गुप्ता, पूनम कुमारी सहित अन्य पीएलवी उपस्थित रहे।

## 35 हाथियों के झुंड ने गांव में मचाया उत्पात





**- स्कूल और घरों में तोड़फोड़; दहशत में ग्रामीण**

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : गिरिडीह जिले के पीरटांड़ वन क्षेत्र से भटककर आए करीब 35 जंगली हाथियों के झुंड ने टुंडी प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र स्थित रंगामटिया और आसपास के गांवों में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के अचानक रिहायशी इलाके में प्रवेश करने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। हालांकि वन विभाग की तत्परता और ग्रामीणों की सजगता के कारण किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, हाथियों का झुंड तोपचांची-टुंडी सीमा पार कर रंगामटिया गांव पहुंचा। गांव में प्रवेश करते ही हाथियों ने सबसे पहले रंगामटिया स्कूल को निशाना बनाया। झुंड ने स्कूल भवन में तोड़फोड़ की और मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के लिए रखे गए चावल को भी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद हाथियों ने दलुगोड़ा गांव में रामलाल मुर्मू के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों को देखकर परिवार के सदस्य घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर भाग गए। वन विभाग को पहले ही हाथियों के इस झुंड की गतिविधियों की सूचना मिल चुकी थी। इसी कारण विभाग की मशालची टीम को अलर्ट पर रखा गया था। जैसे ही हाथियों ने गांव में उत्पात शुरू किया, टीम ने पटाखों, जलती मशालों और पारंपरिक तरीकों की मदद से उन्हें आबादी वाले क्षेत्र से बाहर खदेड़ने का अभियान शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के गांव में घुसते ही चीख-पुकार मच गई। महिलाएं बच्चों को लेकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगीं, जबकि पुरुष हाथियों को भगाने में जुट गए। पूरी रात ग्रामीण लाठी-डंडों, ढोल-नगाड़ों और मशालों के सहारे पहरा देते रहे। ताजा जानकारी के अनुसार, वन विभाग की टीम हाथियों के झुंड को नवतार क्षेत्र तक खदेड़ चुकी है और उन्हें टुंडी के पहाड़ी जंगलों की ओर मोड़ने का प्रयास जारी है। ग्रामीण अभी भी अपने घरों, फसलों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

## चांदमारी में हैवी ब्लास्टिंग से परेशान ग्रामीणों ने धनसार थाना के समक्ष किया जमकर हंगामा प्रर्दशन

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : धनसार थाना क्षेत्र में चल रहे देवप्रभा कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध स्वरूप धनसार थाना का घेराव कर रोष प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग कंपनी मनमानी तरीके से लगातार हैवी ब्लास्टिंग करने से इलाके के घरों में दरारें पड़ रही हैं और लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।विरोध कर रहे दलित नेता मुकेश भुइयां को धनसार पुलिस के द्वारा पूछताछ के लिए हिरासत में लिए जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को धनसार थाना का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।बताया जा रहा है कि चांदमारी कोलियरी दुर्गा मंदिर के पीछे संचालित देवप्रभा कोल माइनिंग प्रोजेक्ट के द्वारा मनमाने तरीके से ब्लास्टिंग करने को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है।ग्रामीणों का कहना है कि माइनिंग कंपनी के द्वारा लगातार ब्लास्टिंग से आसपास के घरों में दरारें पड़ने लगी हैं। इसके साथ ही पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने पहले बाउंड्री के बाहर खुदाई नहीं करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब रात के समय बाउंड्री वॉल तोड़कर आगे भी खुदाई की जा रही है।इसी मुद्दे को लेकर आवाज उठा रहे दलित नेता मुकेश भुइयां को पुलिस के द्वारा पूछताछ के लिए थाना बुलाए जाने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। काफी तादाद में ग्रामीण धनसार थाना पहुंच गए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।लोगों ने प्रशासन से आउटसोर्सिंग कंपनी की मनमानी पर रोक लगाने और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

## राजेंद्र बाबू का जीवन जनसेवा और संघर्ष की मिसाल: केशव महतो कमलेश

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राजेंद्र बाबू ने राजनीति को सत्ता नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम माना।उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, श्रमिकों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित कर दिया।मंत्री के रूप में उन्होंने हमेशा विकास, रोजगार और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस परिवार राजेंद्र बाबू के योगदान को याद करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने और जनहित की लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प लेता है। श्रद्धांजलि सभा में अभिलाषा साहू, रविंद्र सिंह, सुनीत शर्मा, आभा सिन्हा, लाल किशोर नाथ शहदेव, राकेश सिन्हा, सूर्यकांत शुक्ला, राकेश किरण महतो, रियाज अहमद, राजन वर्मा, उज्जवल तिवारी, कामेश्वर गिरी, धर्मराज राम, जितेंद्र त्रिवेदी और शादाब खान सहित कई कांग्रेसी कार्यकताओं ने स्वर्गीय सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## पिठोरिया-पतरातू मार्ग पर कोयला लदा ट्रक पलटा, सड़क पर बिखरा कोयला



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : पिठोरिया-पतरातू मुख्य मार्ग पर रविवार को राढ़हा पुल के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। कोयला लादकर जा रहा एक एलपी ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक का नं. जेएच 02 एभी -5241 है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज गति से पतरातू की ओर जा रहा था। राढहा पुल के पास चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद ट्रक सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक पर लदा भारी मात्रा में कोयला सड़क पर बिखर गया, जिससे कुछ देर के लिए आवागमन प्रभावित रहा।दुर्घटना में चालक और खलासी को हल्की चोटें आने की सूचना है। वहीं सूचना मिलने पर पिठोरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और यातायात को सुचारु कराने में जुट गई है।सड़क पर बिखरे कोयले और पलटे ट्रक को हटाने के लिए क्रेन मंगाई गई। ताकि वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## आर्थिक तंगी से परेशान व्यक्ति ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

गिरीडीह : आर्थिक तंगी व कर्ज से परेशान एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने का मामला सामने आया है।घटना अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के रसनजोरी हरिजन टोला की है।सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया में जुट गई है।जानकारी के अनुसार रसनजोरी हरिजन टोला निवासी 42 वर्षीय मितन दास आर्थिक तंगी व कर्ज के कारण परेशान रहता था।रविवार को आर्थिक तंगी से परेशान मितन दास ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।हो हल्ला पर ग्रामीण जुटे और उसे नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।सूचना पर अहिल्यापुर पुलिस गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टमकम भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।मृतक अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्र व दो पुत्री छोड़ गया है।

## कुएं में गिरने से किसान की मौत, पोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सौंपा गया शव

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

लोहरदगा : किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत कसियाडीह कुम्बा टोली गांव में एक दर्दनाक हादसे में 47 वर्षीय किसान विनोद यादव की मौत हो गई।मृतक विनोद यादव स्वर्गीय पच्चू यादव के पुत्र बताए गए हैं.जानकारी के अनुसार बीते शनिवार दोपहर वे खेत में काम करने गए थे.काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उनकी तलाश में खेत की ओर पहुंचे, जहां कुएं में उनका शव तैरता मिला। यह दृश्य देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही किस्को थाना पुलिस मौके पर पहुंची।ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।रविवार सुबह में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।इस दौरान झारखंड दफादार चौकीदार पंचायत शाखा लोहरदगा के जिला अध्यक्ष शमसूल अंसारी एवं किस्को थाना के चौकीदार शिवलाल उरांव भी मौजूद रहे।घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं कांग्रेस पार्टी के पाखर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## भीषण गर्मी के बावजूद प्रखंड सह अंचल कार्यालय में घोर जलसंकट

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : भीषण गर्मी के बावजूद रानीश्वर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में घोर जलसंकट उत्पन्न हो गया है।यहां करीब छह महीना पहले बोरिंग धस जाने से प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पूरे बिल्डिंग में पानी सप्लाई बंद हो चुका है।बिल्डिंग के अंदर बने शौचालय व वासरुम में पानी नहीं रहने के अलावा पीने के लिए भी बिल्डिंग में पानी उपलब्ध नहीं है। हालांकि कार्यालय कर्मी तो बाहर से पीने के लिए पानी बोतल में भर कर लाते हैं। पर दूर दराज गांवों से किसी काम के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचने वाले ग्रामीणों को गरमी में पीने के लिए पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। उन्हें पानी के लिए भटकना पड़ता है। बिल्डिंग के बाहर चापानल भी नहीं है। जबकि इस दो मंजिला कंबाइंड बिल्डिंग में प्रखंड व अंचल सहित प्रखंड स्तरीय विभिन्न विभागों का कार्यालय है।कार्यालय कर्मियों के अलावा काफी संख्या में आम लोगों का भी आना जाना होता है। इस संबंध में बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि बोरिंग धस जाने के बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को पत्र लिखकर नये सिरे से बोरिंग कराने अनुरोध किए जाने के कई महीनों बाद तो बोरिंग किया गया है।बोरिंग किये हुए करीब 10-15 दिन बाद भी बिल्डिंग में पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं किया गया है।

# सांसद के मोहल्ले में ही बिजली व्यवस्था चरमराई, आक्रोशित लोगों ने बांस-बल्ली लगाकर किया रोड जाम



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

दुमका : भीषण गर्मी और लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था से परेशान लोगों का गुस्सा रविवार को सड़क पर फूट पड़ा।दुमका शहर के एसपी कॉलेज से रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क और सोनवाडंगाल लीची बागान मुहल्ले पर स्थानीय लोगों ने बांस-बल्ली लगाकर रोड जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।खास बात यह रही कि जिस इलाके में लोगों ने सड़क जाम किया, उसी मोहल्ले में दुमका सांसद नलिन सोरेन का भी आवास है।स्थानीय लोगों का कहना था कि पिछले कई दिनों से इलाके में बिजली की स्थिति पूरी तरह चरमरा गयी है। दिन-रात लगातार बिजली कटौती हो रही है।कई बार घंटों तक बिजली गायब रहती है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है।बिजली नहीं रहने से पानी की समस्या भी गंभीर हो गयी है। मोटर नहीं चलने के कारण घरों में पानी की किल्लत बढ़ गयी है।भीषण गर्मी में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि सड़क जाम वाले इलाके में छात्र-छात्राओं के दर्जनों लॉज स्थित हैं।यहां दूर-दराज से आये सैकड़ों विद्यार्थी रहकर पढ़ाई करते हैं।लगातार बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। लोगों ने कहा कि रातभर बिजली की आंख-मिचौली चलती रहती है, जिससे लोगों की नींद तक पूरी नहीं हो पा रही है।इसी दौरान संयोगवश दुमका सांसद नलिन सोरेन भी उसी रास्ते से गुजर रहे थे और सड़क जाम में फंस गये।सांसद की गाड़ी रुकते ही लोग अपनी समस्या लेकर उनके पास पहुंच गये।सांसद नलिन सोरेन तुरंत गाड़ी से उतरे और सड़क पर खड़े होकर लोगों की बातें सुनीं।स्थानीय लोगों ने उन्हें क्षेत्र की खराब बिजली व्यवस्था और विभागीय उदासीनता की जानकारी दी।मौके पर ही सांसद ने बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन कर जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया।उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि समस्या के समाधान के लिए तत्काल पहल की जा रही है।इस दौरान सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि यह उनका भी मोहल्ला है और वे लोगों की परेशानी को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों से बात कर ली गयी है और जल्द बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाएगा। करीब कुछ देर तक सड़क जाम रहने के बाद लोगों ने प्रशासन और सांसद के आश्वासन पर जाम हटाया।

## पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के श्राद्धकर्म सह श्रद्धांजलि सभा सोमवार को, कई मंत्री-विधायक होंगे शामिल




ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

बोकारो : बिहार-झारखंड के पूर्व मंत्री सह गोमिया के पूर्व विधायक स्व. माधव लाल सिंह (माधव बाबू) के साड़म(गोमिया) आवास में सोमवार को आयोजित होने वाले उनके श्राद्धकर्म (बारहवां) सह श्रद्धांजलि सभा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में गोमिया विधानसभा क्षेत्र समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों से हजारों लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। श्रद्धांजलि सभा में कई मंत्री, विधायक, सांसद और विभिन्न दलों के बड़े जनप्रतिनिधियों, नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए आयोजन स्थल पर व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं आगंतुकों की सुविधा के लिए पार्किंग से लेकर बैठने तक का विशेष इंतजाम किया गया है। माधव बाबू के आवास के सामने विशाल पंडाल का निर्माण कराया गया है।वहीं, वीआईपी अतिथियों के लिए अलग से विशेष पंडाल बनाए गए हैं।भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर एसी और कुलर भी लगाए गए हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।इधर, रविवार को बिहार-झारखंड के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जयनंदु, पूर्व सांसद रामदास के पुत्र समेत कई गणमान्य लोग साड़म पहुंचे और स्व. माधव लाल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।स्व. माधवलाल सिंह एक जनसेवक के रूप में ईमानदार, लोकप्रिय और प्रभावशाली नेता माने जाते थे।उनके निधन से पूरे गोमिया क्षेत्र में शोक की लहर है।

## कोकर से लापता अदिति का अब तक नहीं मिला सुराग, इनाम राशि बढ़ाकर 1 लाख



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : राजधानी रांची के कोकर इलाके से लापता बच्ची अदिति का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। 9 मई से गायब अदिति की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी और जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लगी है।बच्ची की गुमशुदगी को लेकर परिवार के साथ-साथ स्थानीय लोगों में भी चिंता बढ़ती जा रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पहले अदिति के बारे में सूचना देने वाले को 50 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की थी।अब पुलिस ने इनाम की राशि बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी है।इसके बावजूद अब तक बच्ची के संबंध में कोई विश्वसनीय जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अदिति की तलाश में कई टीमों को लगाया गया है। आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।इसके अलावा दूसरे जिलों और राज्यों की पुलिस से भी संपर्क किया गया है, ताकि बच्ची का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।परिवार ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को अदिति के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने भी आम लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि छोटी से छोटी सूचना भी जांच में अहम साबित हो सकती है।इधर, इस घटना के बाद इलाके में बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।स्थानीय लोग पुलिस से जल्द बच्ची को खोज निकालने की मांग कर रहे हैं।

# समाज को बांटना व तोड़ना कांग्रेस की फितरत, षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे : बाबूलाल मरांडी



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस और झामुमो पर आदिवासी समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि आदिवासी समागम का विरोध करने वाले दलों की समाज को विभाजित करने और मूल आदिवासी अधिकारों को कमजोर करने की साजिश कतई सफल नहीं होगी।श्री मरांडी ने स्पष्ट किया कि सरना, सनातन और हिंदू में कोई अंतर नहीं है, बल्कि इनमें गहरी समानता है. ये सभी प्रकृति, पेड़, पहाड़, जल और धरती माता की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता का समावेश इन तीनों में है. हिंदू बनाने की कोई परंपरा नहीं है, सरना, सनातन और हिंदू तो पैदाइशी होते हैं। धर्मांतरण के जरिए क्रिश्चियन और मुसलमान बनाये जाते हैं, जिस पर कांग्रेस और झामुमो मौन रहते हैं. उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने 1857 के विद्रोह के बाद सेफ्टी वाल्व के रूप में कांग्रेस का गठन किया था।कांग्रेस अंग्रेजों की मानस पुत्र है, जिसने फूट डालो और राज करो की नीति को आगे बढ़ाया।आजादी के बाद महात्मा गांधी ने कांग्रेस को खत्म करने की सलाह दी थी, जिसे अनसुना कर दिया गया। अब जब जनता कांग्रेस को नकार रही है, तो यह पार्टी समाज को तोड़ने का नया हथकंडा अपना रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार पेसा कानून की नियमावली में बदलाव कर आदिवासी परंपराओं और रूढ़िगत व्यवस्था को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्कृति को बचाने के लिए सरना, मसना और पहनाई जमीन को भू-माफियाओं से बचाना जरूरी है। भाजपा सरकार ने ही जाहेरथान की घेराबंदी और मांझी थान बनवाने की शुरूआत की थी। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद व प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज मौजूद थीं।

# खूंटपानी में रक्त दान शिविर आयोजित, लोगों ने किया 23 यूनिट ब्लड डोनेट



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : पश्चिमी सिंहभूम जिले के खूंटपानी प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बासाहातु में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सुनिला खलखो, एनडीसी देवेन्द्र कुमार, उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी, जिला परिषद सदस्य यमुना तियू, बीडीओ धनंजय पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में रक्तदान करने वालों 23 लोगों को प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सुनील खलखो ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है।रक्त दान कर हम दूसरों का जीवन बचा सकते है।खूंटपानी में भी रक्त दान के प्रति लोगों में जागरूकता आई है। बीडीओ धनंजय पाठन ने आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने की बात कही।जिला परिषद सदस्य यमुना तियु ने जिला प्रशासन की इस पहल का सराहना की। वही उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी ने कहा कि स्वेच्छीक रक्तदान के प्रति जागरुकता लाने पर बल दिया।शिविर में ऐसे भी युवा थे, जो पहली बार रक्त दान करने आए थे।इनमें खासा उत्साह देखा गया।रक्त संग्रह करने में ब्लड बैंक व सीएचसी के अधिकारी व डॉक्टरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ आलोक रंजन महतो,पान्ड्राशाली ओपी प्रभारी मेघनाथ मंडल, बीपीएम ग्रेगोरी तिग्गा,गुरूचरण सोरेन, बिरसा तियू, बबलू माझी,आशेश आनंद,ललतिशेवर महतो, चिरंजीवी महतो,अमन कुमार रवि समेत जेएसएलपीएस व एस्पायर संस्था के कर्मी आदि मौजूद थे।मालूम हो कि ब्लड बैंक में रक्त की कमी को दूर करने के लिये जिला प्रशासन की ओर से ह्यप्रोजेक्ट जागृति-बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदमह्ल अभियान के तहत प्रखंडों में रक्तदान शिविर आयोजित की जा रही है।

## टाटा स्टील स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एएफसी ग्रासरूट्स फुटबॉल दिवस का आयोजन

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पूर्वी सिंहभूम : टाटा स्टील स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, वेस्ट बोकारो में एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन ग्रासरूट्स फुटबॉल दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के करीब 280 बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का आयोजन टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा टाटा स्टील के स्पोर्ट्स सेल के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के हेड एडमिन दीपक श्रीवास्तव, एनवायरनमेंट सेल के प्रदीप गौर सहित टाटा स्टील फाउंडेशन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रतिभागियों के लिए मिनी फुटबॉल मैच, फिटनेस ड्रिल, कौशल आधारित खेल, समन्वय गतिविधियां और छोटे-छोटे मुकाबलों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों और युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ टीम भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित करने का प्रयास किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने ग्रासरूट स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की और युवाओं को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन करते हुए उनके बुच पुरस्कार वितरण भी किया गया।

# भैरवी नदी किनारे चल रही अवैध महुआ शराब भट्ठी पर पुलिस का छापा, एक गिरफ्तार

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रामगढ़ : गोला थाना क्षेत्र के कमता गांव के समीप भैरवी नदी किनारे रविवार तड़के पुलिस ने अवैध महुआ शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। वहीं चार अन्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गये। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में महुआ शराब, जावा महुआ एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गये।जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब पांच बजे पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को सूचना मिली थी कि भैरवी नदी किनारे अवैध शराब भट्ठी संचालित कर महुआ देशी शराब तैयार की जा रही है और इसकी सप्लाई गोला व रजरप्पा थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक रंजन के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गयी।छापेमारी टीम जब भैरवी नदी किनारे पहुंची तो वहां पांच से छह लोग अवैध शराब निर्माण करते मिले। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन अधिकांश आरोपी जंगल एवं नदी किनारे का फायदा उठाकर फरार हो गये।हालांकि पुलिस ने सिकनी निवासी दशरथ महतो को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि सभी मिलकर अवैध शराब बनाकर आसपास के क्षेत्रों में बिक्री करते थे।पुलिस ने मौके से करीब 120 लीटर महुआ देशी शराब, लगभग 600 किलो जावा महुआ, पांच बड़े एल्यूमिनियम तसले, चार ब्लू रंग के जार तथा दो पुरानी साइकिल बरामद की है। मामले में गोला थाना कांड संख्या 59/2026 दर्ज करते हुए बीएनएस एवं उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गयी है।गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।छापेमारी दल में सीडीपीओ आलोक रंजन, इंस्पेक्टर पंकज कुमार, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, एसआई स्वामी रंजन ओझा, कुमार प्रभात रंजन, एएसआई संजय गोराई, बहादुर महतो, तहसीन अहमद एवं पैंथर पुलिस के जवान शामिल थे।



## संक्षिप्त खबरें

# तीन दिन से अंधेरे में डुमरीचट्टी, बदला गया ट्रांसफार्मर पुनः चालू होते ही जला

### भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराया, पंखे-कूलर बंद होने से लोग हाल बेहाल

फतेहपुर (गया जी) :फतेहपुर प्रखंड के डुमरीचट्टी गांव में बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। गांव में खराब पड़े पुराने ट्रांसफार्मर की जगह रविवार को लगाया गया नया ट्रांसफार्मर भी चालू होते ही जल गया। इसके बाद गांव के लोग लगातार 72 घंटे से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजल संकट भी गहरा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को गांव का पुराना ट्रांसफार्मर जल गया था। सूचना मिलने के करीब 48 घंटे बाद बिजली विभाग ने नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। विभागीय कर्मियों ने उसे लगाया, लेकिन बिजली प्रवाहित करते ही ट्रांसफार्मर खराब हो गया। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति भारी नाराजगी है। बिजली नहीं रहने से गांव में पानी की समस्या गंभीर हो गई है। घरों में मोटर नहीं चलने से लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। मोबाइल चार्जिंग, पंखे, कूलर और अन्य जरूरी काम पूरी तरह प्रभावित हैं। गर्मी के कारण छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की परेशानी सबसे ज्यादा बढ़ गई है। सिंघाड़ा उत्पादक गिरेंद्र चौधरी ने बताया कि मोटर बंद रहने से तालाब का पानी सूख गया है, जिससे सिंघाड़ा की फसल बर्बाद हो गई है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली संकट से परेशान होकर उन्होंने आपस में चंदा इकट्ठा किया और पुराने ट्रांसफार्मर को मरम्मत के लिए वजीरगंज भेजा है। ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर तैयार होने में अभी दो दिन और लग सकते हैं। तब तक गांव के लोगों को बिना बिजली के ही रहना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि 24 घंटे में समस्या समाधान के दावे पूरी तरह फेल साबित हो रहे हैं। नया ट्रांसफार्मर जलने के बाद भी विभाग ने कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर जल्द नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की है।

# परीक्षार्थियों की सुविधा के लेकर परीक्षा स्पेशल ट्रेन का किया गया परिचालन

### क्राउड मैनेजमेंट के मद्देनजर वार रूम रहा विशेष रूप से सक्रिय

हाजीपुरः परीक्षार्थियों/यात्रियों को सुविधाजनक रेल सेवा मुहैया कराने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत पूर्व मध्य रेल द्वारा आज सभी प्रमुख स्टेशनों के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया । परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए कल दिनांक 23.05.2026 को 17.00 बजे मुजफ्फरपुर से पाटलिपुत्र के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया गया था। इसी तरह दोनों पाली की परीक्षाओं को देखते हुए उसी के अनुरूप रविवार को परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए 03 रेक तैयार रखे गए थे । इनमें से एक परीक्षा स्पेशल दरभंगा से पाटलिपुत्र के लिए 14.15 बजे खुली,जबकि मुजफ्फरपुर से पाटलिपुत्र के लिए क्रमशः 15.00 बजे और 18.15 बजे 02 परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया गया ।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ क्राउड मैनेजमेंट के मद्देनजर वार रूम को विशेष रूप से सक्रिय किया गया। स्टेशनों पर आरपीएफ की तैनाती की गयी तथा परीक्षार्थियों/यात्रियों को ट्रेनों के परिचालन से जुड़ी रियल टाइम सूचना उद्घोषणा प्रणाली द्वारा उपलब्ध करायी गयी । गर्मी को देखते हुए स्टेशनों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था की गयी थी ।

# भाजपा संगठन राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम, कार्यकर्ता इसकी सबसे बड़ी ताकत : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

पटना, (एजेंसी) : बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ कार्य



करने वाला एक वैचारिक संगठन है, जो समर्पित कार्यकताओं की शक्ति पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

वह उक्त बातें रविवार को पटना सिटी में संगठनात्मक जिला पटना महानगर की ओर से आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के समापन सत्र में सम्बोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांत भाजपा की कार्यशैली का मूल आधार है। ऐसे प्रशिक्षण अभियान कार्यकताओं को वैचारिक रूप से समृद्ध करने के साथ-साथ संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाते हैं। उन्होंने संगठनात्मक यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में संगठन के समर्पित कार्यकताओं के संघर्ष,संगठन विस्तार की यात्रा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए जनकल्याणकारी कार्यों एवं बिहार में डबल इंजन सरकार के विकासात्मक प्रयासों को प्रभावशाली तरीके से प्रदर्शित किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है तथा गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल विकास एवं युवाओं के लिए अवसर सृजन जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं।उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों और विचारों को समाज के बीच ले जाकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें तथा विकसित बिहार एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। 'राष्ट्र प्रथम' की भावना, सेवा का संकल्प और संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है।

# बकरीद को लेकर भीमनगर थाना में शांति समिति की बैठक, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

सुपौल, (एजेंसी) : जिले के भीमनगर थाना परिसर में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि बकरीद के दौरान सभी नमाज स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट साझा नहीं करने की अपील की। साथ ही कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को नियंत्रित करने की दिशा में एनडीए सरकार प्रतिबद्ध- उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी

**– नीतीश कुमार की पर्यावरण संरक्षण संबंधी नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं सम्राट चौधरी– उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी**

पटना, (एजेंसी) : बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं लगातार बढ़ते तापमान की समस्या आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता से चर्चा की गई थी। उनकी दूरदर्शी सोच एवं संकल्प का ही परिणाम है कि "जल-जीवन-हरियाली अभियान" के माध्यम से बिहार में भू-गर्भ जलस्तर में सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। रविवार को जद (यू0) के प्रदेश कार्यालय, पटना में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उक्त मौके पर विधानपरिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी मौजूद रहें। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी स्पष्ट किया है कि नीतीश कुमार की नीतियों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। इसी क्रम में बिहार सरकार द्वारा "बिहार हरित जलवायु कोष" के गठन का निर्णय लिया गया है। यह कोष राज्य में हरित आवरण बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि इस कोष हेतु विभिन्न स्त्रोतों से संसाधन जुटाए जाएंगे, जिनमें निविदाओं पर 0.25 प्रतिशत योगदान, नए वाहनों के निबंधन पर 1 प्रतिशत शुल्क तथा खनन पर 0.50 प्रतिशत रॉयल्टी सेस शामिल है। साथ ही कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत भी स्वेच्छा से अंशदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया आज जलवायु परिवर्तन की समस्या से जूझ रही है। यदि समय रहते हम सभी इसके प्रति सचेत नहीं हुए तो भविष्य में तापमान वृद्धि और अधिक गंभीर रूप ले सकती है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार इस विषय पर शुरू से ही अत्यंत संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रही है, जिसे अब आगे बढ़ाने का कार्य मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कर रहे हैं। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री की उस अपील का भी उल्लेख किया, जिसमें सार्वजनिक परिवहन एवं साझा वाहनों के अधिक उपयोग पर बल दिया गया है, ताकि कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा सके और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिले। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ हम सभी को अपनी दैनिक जीवनशैली एवं आदतों में भी सकारात्मक बदलाव लाना होगा।

# बिहार में इकोटूरिज्म विकास को लेकर निवेशकों के साथ बैठक आयोजित






पटना (एजेंसी) : पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से रविवार को अरण्य भवन में निवेशकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री आनंद किशोर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों एवं निवेशकों ने भाग लिया। बैठक में बिहार में इकोटूरिज्म की अपार संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा राज्य में विश्वस्तरीय पर्यटन अवसंरचना विकसित करने की दिशा में विचार-विमर्श हुआ।

कार्यक्रम में विभाग के पीसीसीएफ हॉफ अरविंदर सिंह ने बताया कि भीमबांध परियोजना का आरएफपी पहले ही सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके साथ ही विभाग द्वारा ईओआई भी जारी किया गया है, जिसमें 27 डैम साइट्स तथा 247 तालाब एवं पोखर स्थलों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग इन स्थलों पर निजी निवेशकों को आमंत्रित करना चाहता है, ताकि बड़े पैमाने पर इकोटूरिज्म को विकसित किया जा सके।

उन्होंने बताया कि विभाग की योजना इन स्थलों को मानकों के अनुरूप विश्वस्तरीय अवसंरचना के साथ विकसित करने की है। इसके लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा और परियोजनाओं को "बिल्ड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर" मॉडल पर संचालित किया जाएगा।

बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में अपलोड किए गए आरएफपी एवं ईओआई के संबंध में निवेशकों और संबंधित पक्षों को जानकारी उपलब्ध कराना था। साथ ही आगामी 9 जून को आयोजित होने वाली बैठक के लिए उद्योग एवं व्यापार संगठनों, चैंबर ऑफ कॉमर्स, सीआईआई तथा बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। विभाग ने निजी निवेशकों से राज्य में इकोटूरिज्म विकास में सहयोग की अपील की।

बैठक में करीब 25 निवेशकों एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री नंद किशोर, विभाग के विशेष सचिव सह सीसीएफ आलोक कुमार, सीसीएफ अमित, बिहार इकोटूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर नेशामणि, वन संरक्षक (मुख्यालय) सत्यजीत कुमार, पटना जू के निदेशक हेमंत पाटिल, सहित विभाग के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फरारी को लेकर कोर्ट के आदेश पर दो गांवों में हुई कुर्की-जब्ती



फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) :गया न्यायालय के आदेश पर रविवार को फतेहपुर थाना क्षेत्र के धरहरा और टनकुप्पा थाना क्षेत्र के अठकुरवां गांव में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने घरों में रखे कई सामानों को जब्त कर थाना में जमा कराया। कार्रवाई के दौरान दोनों गांवों में काफी देर तक अफरा-तफरी और लोगों की भीड़ लगी रही।फतेहपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मनोज कुमार एवं टनकुप्पा थानाध्यक्ष बसंत कुमार राय ने बताया कि धरहरा गांव निवासी प्रमोद कुमार पिछले करीब दस वर्षों से एक मामले में फरार चल रहा था। वहीं अठकुरवां गांव निवासी रामप्रवेश मांझी हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट मामले में लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ कई बार नोटिस और वारंट जारी किए गए, लेकिन उन्होंने न तो आत्मसमर्पण किया और न ही अदालत में उपस्थित हुए। इसके बाद न्यायालय के निर्देश पर दोनों के घरों में कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई।थानाध्यक्षों ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास तेज किया जाएगा।

# सुपौल सदर अस्पताल में दुर्लभ जन्म मामला, नवजात बच्ची को बेहतर इलाज के लिए दरभंगा रेफर



सुपौल, (एजेंसी) : बिहार में सुपौल जिले के सदर अस्पताल में रविवार सुबह एक दुर्लभ चिकित्सकीय मामला सामने आया, जहां एक नवजात बच्ची का जन्म गंभीर शारीरिक विकृति के साथ हुआ। बच्ची के मुंह का हिस्सा पूरी तरह विकसित नहीं था और आंखों में भी जन्मजात समस्या बताई जा रही है। जन्म के बाद अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों और परिजनों के बीच चिंता का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में वार्ड संख्या 8 निवासी अनीता देवी, पति लक्ष्मी चौपाल, ने सुबह करीब 3:15 बजे बच्ची को जन्म दिया। नवजात का वजन लगभग 2 किलो 420 ग्राम बताया गया है।डॉ. नूतन कुमार वर्मा ने बताया कि बच्ची जन्मजात विकृति से पीड़ित है।

प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे दरभंगा रेफर कर दिया गया है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में आगे की चिकित्सा की जाएगी।

घटना के बाद अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे मामलों में विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट कारणों की पुष्टि हो सकती है।

# फतेहपुर में कृष्णा यादव के घर से लाखों की चोरी, बेटी के शादी के लिए रखें गहने व नगदी ले उड़े चोर

**गुरपा थाना क्षेत्र के पुरनीबथान गांव में बीते रात वारदात, घरवालों के सोते ही चोरों ने बोला धावा**

**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शुरू की जांच, फॉरेंसिक टीम के लिए कमरे को किया सील**



फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : गुरपा थाना क्षेत्र के पुरनीबथान गांव में शनिवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने गांव निवासी कृष्णा यादव के घर से करीब छह लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और 25 हजार रुपए नकद चोरी कर ली। बताया गया कि नगद राशि उनकी बेटी को शंखपानी के दौरान मिली थी, जिसे घर में सुरक्षित रखा गया था।पीड़ित कृष्णा यादव ने बताया कि शनिवार रात परिवार के लोग भोजन करने के बाद सो गए थे। इसी दौरान चोर घर में घुस गए और कमरे में रखे बक्से व अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात तथा नकद लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और कीमती सामान गायब था। पीड़ित परिवार ने बताया कि चोरी गए अधिकांश जेवर बेटी की शादी में बनवाए गए थे। अचानक हुई इस घटना से परिवार सदमे में है। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई तथा आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही गुरपा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने चोरी वाले कमरे को फॉरेंसिक जांच के लिए सील कर दिया है, ताकि वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए जा सकें। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरों की पहचान में जुटी हुई है।

# नवादा में करोड़ो का अवैध खनन जारी,मूकदर्शक बनी हैं अधिकारी

## डीएम ने कहा कार्रवाई के लिए किए गए दल गठित

नवादा,(एजेंसी) : जिले में रजौली थाना क्षेत्र के सुदूर सवैयाटांड़ इलाके में इन दिनों अभ्रक और पत्थर के करोड़ो रुपए के अवैध खनन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय लोगों के बीच चर्चित कहावत "माल महाराज के, मिर्जा खेले होली" यहां की स्थिति पर बिल्कुल सटीक साबित होती नजर आ रही है। खनन का पूरा जोखिम और मेहनत बिहार के मजदूर उठा रहे हैं, जबकि इसका बड़ा फायदा झारखंड के कारोबारी और ठेकेदार उठा रहे हैं।



ग्रामीणों के अनुसार सवैयाटांड़ और आसपास के सेंचुरी क्षेत्र में दर्जनों मजदूर जान जोखिम में डालकर पहाड़ों और खदानों से अभ्रक व पत्थर निकालने में जुटे हैं। मजदूरों को दिनभर कठिन मेहनत के बदले बेहद मामूली मजदूरी मिलती है, जबकि खनिज सम्पदा को झारखंड ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। इससे अवैध कारोबार से जुड़े लोगों को मोटा मुनाफा हो रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक कार्रवाई अधिकतर गरीब मजदूरों और छोटे स्तर पर काम करने वालों तक सीमित रह जाती है, जबकि इस पूरे नेटवर्क के असली संचालक और बड़े कारोबारी कार्रवाई की जद से बाहर रहते हैं। आर्थिक तंगी और बेरोजगारी के कारण कई मजदूर मजबूरी में इस अवैध धंधे से जुड़ रहे हैं।इधर, लगातार हो रहे अवैध खनन से पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। पहाड़ों की कटाई और अवैध विस्फोट से आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग द्वारा कई जगहों पर चेक नाका बनाए गए हैं, लेकिन उनका असर जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा। खनिज सामग्री खुलेआम झारखंड तक पहुंच रही है और जिम्मेदार विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन के असली सरगनाओं और मुनाफाखोर कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गरीब मजदूरों के शोषण पर भी रोक लग सके। नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा है

# बिहार में निवेशकों को मिलेगा भरोसा और सुरक्षा, उद्योग नीति में जरूरत पड़ने पर होगा और सुधार : सम्राट चौधरी

पटना, (एजेंसी) : बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शताब्दी वर्ष पर आयोजित व्यवसायिक समागम कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए निवेशकों को भरोसा और सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2025 में आवश्यक संशोधन किए गए हैं और जरूरत पड़ने पर आगे भी बदलाव किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि बिहार में अधिक से अधिक निवेश हो और नए उद्योग स्थापित हों। इसमें बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निवेशकों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जाएगी और सरकार हर संभव सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में निवेशक बिहार की ओर आकर्षित हो रहे हैं और राज्य में निवेश की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

सम्राट चौधरी ने कहा कि हाल ही में आयोजित बिहार एआई समिट में भी उद्योगों के विस्तार को लेकर कई सुझाव मिले थे। उन्होंने बताया कि बिहार ने देश की शीर्ष 10 उद्योग नीतियों में जगह बनाई है, लेकिन अपेक्षित स्तर पर निवेश और उद्योग स्थापना अब तक नहीं हो सकी है। सरकार अब निवेशकों का भरोसा मजबूत करने और सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर विशेष ध्यान दे रही है। कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अपराध करने वालों के खिलाफ 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की जा रही है।

## संपादकीय

# अधिकारों का अहंकार लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा

भारत के लोकतंत्र को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक ढांचा माना जाता है। 1950 में लागू हुए संविधान ने देश के नागरिकों को समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार, संस्कृति और शिक्षा संबधी अधिकारी के साथ ही न्याय की गारंटी दी है। संविधान निमार्ताओं ने विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के रूप में ऐसी त्रिस्तरीय व्यवस्था तैयार की, जिसका उद्देश्य शक्ति का संतुलन बनाए रखना और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना था। लेकिन वर्तमान समय में यह प्रश्न गंभीरता से उठने लगा है कि क्या ये संस्थाएं अपने मूल दायित्वों का निर्वाह उसी निष्पक्षता और संवेदनशीलता से कर रही हैं, जिसकी अपेक्षा संविधान निमार्ताओं ने की थी। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास होता है। जब नागरिक अपने मताधिकार से सरकार चुनते हैं, तो वे केवल सत्ता नहीं सौंपते, बल्कि अपने अधिकारों और भविष्य की रक्षा की जिम्मेदारी भी राज्य को देते हैं। संविधान ने स्पष्ट रूप से यह सुनिश्चित किया कि कोई भी संस्था निरंकुश न हो। विधायिका कानून बनाएगी, कार्यपालिका उन्हें लागू करेगी और न्यायपालिका इस बात की निगरानी करेगी कि संविधान और नागरिक अधिकारों का उल्लंघन न हो। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह धारणा मजबूत होती दिखाई दे रही है कि सत्ता और अधिकार का केंद्रीकरण बढ़ रहा है। सरकारें कठोर कानून बना रही हैं, जांच एजेंसियां लंबे समय तक लोगों को जेलों में बंद रख रही हैं और अदालतों में न्याय मिलने में असामान्य देरी हो रही है। इससे नागरिकों के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या न्याय केवल कागजों तक सीमित होकर रह गया है।भारतीय न्याय व्यवस्था का मूल सिद्धांत है, ह्लजमानत नियम है और जेल अपवाद ह्व इसके बावजूद आज अनेक मामलों में आरोपी वर्षों तक विचाराधीन कैदी के रूप में जेलों में बंद रहते हैं। कई बार मुकदमे शुरू तक नहीं हो पाते, जबकि आरोपी अपनी संभावित सजा से अधिक समय जेल में बिता देता है। यह स्थिति केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक संकट में धकेल देती है। चिंता की बात यह है कि कठोर कानूनों के नाम पर व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सीमित करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून व्यवस्था जरूरी हैं, लेकिन इनके नाम पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं मानी जा सकती। जब कानून का प्रयोग समान रूप से न होकर चयनात्मक रूप से होता दिखाई देता है, तब नागरिकों का विश्वास कमजोर होने लगता है।

दुःख का कारण हमारी चित्तवृत्तियों का प्रभाव ही है।

: भगवान श्री कृष्ण

कर्म की उत्पत्ति विचार में है, अतः विचार ही महत्त्वपूर्ण हैं।

: साई बाबा

## दैनिक पंचांग

**25 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.42 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | कर्क | 08.55 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 11.11 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 13.23 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.34 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 17.49 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 20.05 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 22.10 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 23.56 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मीन | 01.29 बजे से |
| | | मेष | 03.00 बजे से |
| | | वृष | 04.40 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 145 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 05.11 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 04.09 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वज्र 03.15 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** तैतिल 16.47 बजे तदनन्तर गर 05.11 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 8.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872720
**जूलियन दिन** 2461185.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 08
**विशेष** गंगा दशहरा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7522

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- ■ *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- ■ *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- ■ *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- ■ *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल -7521 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# प्रधानमंत्री मोदी की अपील: क्या केवल वचन से संकट टलेगा?

विदेश नीति पर पुनर्विचार की आवश्यकता।

भारतीय संस्कृति में सात फेरे केवल रस्म नहीं, बल्कि स्थायी संबंधों की प्रतिज्ञा माने जाते हैं। यही प्रश्न आज प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा संकट को लेकर देशवासियों से की गई एक वर्ष की अपील पर भी खड़ा होता है। क्या संयम की अपील के संदेशों से यह संकट स्थायी रूप से समाप्त हो जाएगा?

स्पष्ट है कि वर्तमान संकट केवल तेल बचाने का नहीं, बल्कि नीति, प्राथमिकताओं और विदेश नीति की दिशा तय करने का संकट है। आग लगने पर कुआँ खोदने की प्रवृत्ति से राष्ट्र लंबे समय तक नहीं चल सकते। संकट का सामना दूरदृष्टि, स्पष्ट रणनीति और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति से होता है।

संकट आया कब? सरकार जागी कब?

कोरोना महामारी के बाद यह दूसरा अवसर है, जब मार्च 2026 में ईरान-अमेरिका संघर्ष ने विश्व को गंभीर ऊर्जा संकट में धकेल दिया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, समुद्री मार्गों में अवरोध और लॉजिस्टिक लागत बढ़ने से विश्व अर्थव्यवस्था दबाव में आ गई।

भारत इस संकट का कारण नहीं था, किंतु उससे अछूता भी नहीं रह सका। विपक्ष का प्रश्न है कि लगभग 70 दिनों से गहराते संकट को जनता के सामने पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होने के बाद ही क्यों रखा गया? यदि स्थिति गंभीर थी तो, पूर्व तैयारी और स्पष्ट संवाद पहले क्यों नहीं हुआ?

निश्चित रूप से राजनीति में समय और रणनीति का महत्व होता है। प्रधानमंत्री को यह अधिकार है कि वे किसी संकट की जानकारी कब और किस रूप में देश के सामने रखें। किंतु देर आयद, दुरुस्त आयद तभी माना जाता है जब साथ में ठोस कार्ययोजना भी हो।

विश्व ने तत्परता दिखाई, भारत ने प्रतीक्षा?

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (प्म्।) ने 20 मार्च 2026 को ऊर्जा बचत हेतु 10 सूत्रीय योजना जारी कर दी थी। विश्व के 40 से अधिक देशों ने मार्च-अप्रैल में ही ईंधन बचत, वैकल्पिक ऊर्जा और रणनीतिक भंडारण बढ़ाने के कदम उठा दिए।

भारत में चुनावी माहौल के दौरान लगातार यह संदेश दिया गया कि सब कुछ नियंत्रण में है। यदि उस समय वास्तविक स्थिति से जनता को अवगत कराया जाता तो आज भय और असमंजस की स्थिति कम होती।

एक कहावत हैकृबीमारी छुपाने से इलाज नहीं होता। लोकतंत्र में जनता को विश्वास में लेना आवश्यक है, न कि केवल संकट गहरा जाने के बाद त्याग का आह्वान करना।

तेल कंपनियों का लाभ और जनता पर भार।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने तेल कंपनियों को प्रतिदिन हजारों करोड़ के नुकसान का हवाला दिया। किंतु यह प्रश्न भी स्वाभाविक है कि जब 2015 में कच्चे तेल की कीमत 40 डॉलर प्रति बैरल तक गिर गई थी और पिछले दशक में औसत कीमत अपेक्षाकृत कम (60-70 डॉलर प्रति बैरल) रही, तब तेल कंपनियों द्वारा अर्जित भारी लाभ (एक अनुमान के अनुसार 15 से 40 लाख करोड़ रू.) का कितना हिस्सा जनता को राहत देने में उपयोग हुआ?

यूपीए सरकार के समय 130 डॉलर प्रति बैरल तेल होने की चर्चा बार-बार की जाती है, किंतु बाद में वर्षों तक सस्ते तेल से हुए लाभ का पूरा हिसाब जनता के सामने कभी नहीं रखा गया। मुश्किल में जनता याद आती है, लाभ में जनता भूल जाती हैकृयह धारणा लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं।

दोषारोपण नहीं, राष्ट्रीय सहमति आवश्यक।

ऊर्जा संकट केवल सरकार या विपक्ष का विषय नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की चुनौती है। उत्पादन और मांग के बीच भारी अंतर है। ऐसे में समाधान केवल दो हैं

खपत और अपव्यय पर नियंत्रण।

वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का तीव्र विकास।

राजनीतिक दल यदि इस मुद्दे पर एक-दूसरे की टांग खींचने में लगे रहे, तो स्थिति और जटिल होगी। राष्ट्रीय संकट में रस्साकशी नहीं, राष्ट्रनीति आवश्यक होती है।

सोने के आयात पर कठोर नीति क्यों नहीं?सरकार ने सोने की खरीद कम करने की सलाह दी है, किंतु केवल अपील पर्याप्त नहीं। यदि विदेशी मुद्रा बचाना ही लक्ष्य है तो सीमित अवधि के लिए सोने के आयात पर प्रभावी नियंत्रण पर विचार होना चाहिए।

देश में पहले से इतना सोना उपलब्ध है कि सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकती है। निवेशकों को भी सुरक्षित और आकर्षक वैकल्पिक निवेश विकल्प उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। अन्यथा जहाँ भरोसा डगमगाता है, वहाँ सोना चमकने लगता है। विदेश नीतिः क्या भारत दबाव में है?

वर्तमान आर्थिक संकट की जड़ केवल तेल नहीं, बल्कि विदेशी मुद्रा पर बढ़ता दबाव है। इसके तीन प्रमुख कारण हैं:-

ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भरता।

सोने का भारी आयात।

आयात-निर्यात असंतुलन।

इन सबके बीच सबसे बड़ा प्रश्न भारत की विदेश नीति को लेकर उठ रहा है।

माई फ्रेंड ट्रंप और भारत की स्वतंत्र नीति।

डोनाल्ड ट्रंप के पुनः राष्ट्रपति बनने के बाद भारत-अमेरिका संबंध व्यक्तिगत मित्रता की भाषा में तो मजबूत दिखाई देते हैं, किंतु व्यवहारिक स्तर पर भारत कई मामलों में दबाव में नजर आता है।

विशेषकर तेल नीति को लेकर भारत स्वतंत्र निर्णय लेने में हिचकता दिखाई देता है। ट्रंप द्वारा कई मौकों पर भारत के प्रति कठोर और अपमानजनक टिप्पणियाँ किए जाने के बावजूद भारत की खासकर मोदी की जवाबी प्रतिक्रिया नहीं रही।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी का कथन सहयोगी होने का अर्थ गुलाम होना नहींकृआज विश्व राजनीति में आत्मसम्मान आधारित कूटनीति का उदाहरण बन गया है। मोदी सीख ले सकते है। ऐसे विश्व में राष्ट्र प्रमुखों के ऐसे कई उदाहरण मौजूद है।

भारत-ईरान संबंध टूटी कड़ी किसने तोड़ी?

2019 तक भारत ईरान से रियायती दरों पर रुपये में तेल खरीद रहा था। मुफ्त बीमा, मुफ्त परिवहन और क्रेडिट सुविधा के कारण भारत को अरबों डॉलर की बचत हुई। अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया। परिणामस्वरूप व्यापार संतुलन बिगड़ा और विदेशी मुद्रा पर दबाव बढ़ा। अब जबकि ईरान खुले तौर पर भारत को पुनः तेल बेचने की इच्छा जता रहा है, तब भारत इस अवसर का लाभ उठाने में संकोच क्यों कर रहा है? यही वह प्रश्न है जो विदेश नीति की स्वतंत्रता पर बहस खड़ी करता है।

रूस नीति में भी बदलाव क्यों?

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने प्रारंभ में रियायती तेल खरीदी जारी रखी, किंतु धीरे-धीरे उसमें कमी दिखाई देने लगी। जबकि चीन अमेरिकी दबावों की परवाह किए बिना ईरान और रूस दोनों से तेल खरीदता रहा।

भारत की विदेश नीति का ऐतिहासिक आधार रणनीतिक स्वायत्तता रहा है। 1971 में अमेरिका के सातवें बेड़े की धमकी के बावजूद भारत झुका नहीं था। आज यदि तेल खरीदने के लिए भी अप्रत्यक्ष स्वीकृति की आवश्यकता महसूस हो रही है, तो यह चिंता का विषय अवश्य है।

डॉलर बचाने की बात और डॉलर में खरीदी? प्रधानमंत्री ने विदेशी मुद्रा बचाने का आह्वान किया है। किंतु प्रश्न यह है कि यदि ईरान और रूस से रुपये में तेल खरीदा जा सकता है, तो महंगे दाम पर डॉलर में तेल खरीदने की विवशता क्यों?

एक हाथ से बचत का संदेश और दूसरे हाथ से महंगी खरीदी यह विरोधाभास जनता को समझ नहीं आता।

राजीव खंडेलवाल

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# आरएसएस-भाजपा और अमेरिका की दासता की ओर बढ़ता भारत

स्वतंत्रता के बाद भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित थी और वह शीत युद्ध के दोनों प्रमुख पात्रों - अमेरिका और सोवियत संघ - में से किसी के सामने नहीं झुकता था। पाकिस्तान शुरू से ही अमेरिका के इशारों पर नाचता रहा और वहां लोकतंत्र का गला घोंटकर मुस्लिम साम्प्रदायिक राजनीति का बोलबाला स्थापित होने में अमेरिकी राजदूत, मुल्लाओं और सेना की भूमिका सबके सामने साफ थी। आज भी इस्लाम के नाम पर वहां कट्टरपंथियों का बोलबाला है और सेना बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहां एक के बाद एक सेना के जनरल सत्ता पर काबिज रहे या राजनैतिक मामलों में उनका जबरदस्त हस्तक्षेप रहा। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फील्ड मार्शल आसिफ मुनीर को भोज का आमंत्रण दिए जाने से पाकिस्तान के हालात क्या हैं, यह अच्छे से समझा जा सकता है। वैसे पाकिस्तान की विदेश नीति के अन्य पक्ष भी हैं, लेकिन उसका अमेरिका की ओर झुकाव एकदम स्पष्ट रहा है। मजाक में यह कहा जाता था कि पाकिस्तान पर तीन ह्यएह्न का राज है - अल्लाह, अमेरिकी राजदूत और आर्मी। यह कथन संभवतः अतिशयोक्तिपूर्ण हो लेकिन यह साफ है कि जब समाज में धर्म के नाम पर की जाने वाली राजनीति का बोलबाला हो जाता है, तब वैसे ही हालात बन जाते हैं जैसे हमारे पड़ोसी मुल्क में हैं।

भारत किसी भी महाशक्ति के सामने न झुकने की राह पर चला और विभिन्न राष्ट्रों के सहयोग से बहुआयामी विकास करते हुए उसने तकनीकी, औद्योगिक और शिक्षा के क्षेत्र में तरक्की हासिल की। इसका एक उदाहरण है वे पांच आईआईटी, जिनमें से प्रत्येक अलग-अलग बड़े देशों की मदद से बनाए गए थे। भारत महाशक्तियों दबाव के सामने नहीं झुका, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण बांग्लादेश की स्थापना के पहले की घटनाएं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने भारत से कहा कि वह पूर्वी पाकिस्तान के घटनाक्रम में हस्तक्षेप न करे। उस समय पाकिस्तान की सेना वहां कहर ढ़ा रही थी, जिसके नतीजे में बहुत बड़ी संख्या में शरणार्थी भारत आ रहे थे। इंदिरा गांधी ने निर्भीकता का परिचय देते हुए न केवल निक्सन की सलाह मानने से इंकार कर दिया बल्कि सोवियत संघ के साथ ह्यमैत्री संधिह्य कर ली और बंगाल में अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े की मौजूदगी के बावजूद भारतीय सेना ने वहां हस्तक्षेप किया और मुक्ति वाहिनी की पूर्वी पाकिस्तान को पश्चिमी पाकिस्तान के चंगुल से मुक्त कराने में मदद की, जो पूर्वी पाकिस्तान में तरह-तरह की ज्यादतियां कर रहा था। यहां तक कि पाकिस्तान की राष्ट्रभाषा उर्दू को पूर्वी पाकिस्तान पर लादने का प्रयास किया जा रहा था। बांग्लाभाषी पूर्वी पाकिस्तान ने बगावत कर दी। भारत ने अमेरिकी धमकियों की परवाह न करते हुए पूर्वी पाकिस्तान की जनता को मुक्ति दिलवाई।

लेकिन 2014 के बाद से भारत की विदेश नीति में धीरे-धीरे बदलाव होता गया और उस पर अमेरिका का प्रभुत्व कायम होता गया। भारत, इजराइल के साथ प्रगाढ़ संबंध स्थापित कर रहा है। सत्ता पर काबिज दल की नीतियों के अनुरूप ईरान और फिलीस्तीन से हमारे परंपरागत रिश्तों को कुर्बान कर दिया गया है। आपरेशन सिंदूर में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच टकराव हुआ। जहां भारत ने दावा किया कि युद्धविराम पाकिस्तान के अनुरोध और दोनों देशों के बीच हुई वाताओं की वजह से हुआ, वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार यह शेखी बघारी कि उनके प्रशासन से आर्थिक मामलों में नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर दोनों देशों के बीच युद्धविराम करवाया।

अब तक भारत में पाकिस्तान को देश का दुश्मन नंबर 1 बताया जाता रहा है। दोनों देशों के नागरिकों के बीच इंडो-पाक फोरम व अमन की आशा जैसी महत्वपूर्ण पहलों के जरिए संपर्क-संबंध स्थापित करने के प्रयास होते रहे हैं। अमन की आश अभियान की शुरूआत भारत के टाईम्स ऑफ इंडिया एवं पाकिस्तान के अग्रणी समाचारपत्र जंग ने की थी। निःसंदेह दोनों देशों की सरकारें एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाती रही हैं। कश्मीर हमेशा से दोनों देशों के बीच एक मुद्दा रहा है। कश्मीरियों को एक ओर पाकिस्तान से आने वाले उग्रवादियों और आतंकियों से मुकाबला करना पड़ा तो दूसरी ओर नागरिक इलाकों में भारतीय सेना की भारी मौजूदगी ने उनका जीवन हराम कर दिया।

अब ऐसा लगता है कि आरएसएस-भाजपा का पाकिस्तान के प्रति रूख बदल रहा है। आरएसएस के दूसरे सबसे बड़े नेता सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबोले ने हाल में कहा है कि दोनों देशों के बीच बातचीत के दरवाजे हमेशा खुले रहने चाहिए। संघ परिवार लगातार कश्मीर का मुद्दा उठाता रहा है और नेहरू को कश्मीर की स्थिति के लिए दोषी ठहराता रहा है। इस बीच कश्मीर में अफरातफरी जारी रही। अटलबिहारी वाजपेयी ने दोनों देशों के बीच विवाद को सुलझाने के प्रयास में लाहौर तक बस यात्रा की। इसके बाद पाकिस्तान के तानाशाह परवेज मुशर्रफ भारत पहुंचे। लेकिन इसके बावजूद भी गतिरोध बना रहा। इस सबके बीच होसबोले का वक्तव्य हवा के एक ताजे झोंके की तरह है। आरएसएस के मुखिया मोहन भागवत पाकिस्तान और भारत के रिश्तों को अखंड भारत की संकल्पना से जोडते रहे है। भाजपा सरकार ने सार्क को बढ़ावा देने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया। सार्क दक्षिण एशियाई देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग की दिशा में एक शानदार कदम था।

होसबोले का दावा है कि संघ की नीति हमेशा से यही रही है, हालांकि सच यह है कि बातचीत के द्वार खुले रखने की बात एकदम नई है। होसबोले ने यह वक्तव्य अपनी हालिया अमरीका यात्रा के बाद जारी किया है मगर कई लोगों को संदेह है कि उन्होंने अमेरिका के दबाव में ऐसा कहा है। इस दावे की सच्चाई का पता लगाना मुश्किल है मगर इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत अमेरिका को अपना आका मान चुका है। अमेरिका ने जब भारत पर आयात शुल्क 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया और उसे फिर 18 प्रतिशत तक घटा दिया तब भारत ने इसका कोई विरोध नहीं किया। भारत ने बिना ना-नुकुर के अमेरिका के इस निर्देश का भी पालन किया कि वह रूस से कच्चा तेल न खरीदे।

इसकी दुबारा पुष्टि राम माधव के उस वक्तव्य से हुई जिससे वे बाद में पीछे हट गए। वे आरएसएस-भाजपा के प्रमुख नेता हैं। वाशिंगटन में हडसन इंस्टीट्यूट में बोलते हूए उन्होंने कहा कि भारत टैरिफ बढ़ाने और रूस से तेल न खरीदने जैसे अमेरिका के फैसलों और मांगों के सामने झुका। इसके बाद उन्होंने कहा कि ह्यह्यभारत ने अमेरिका के साथ सहयोग करने के लिए आखिर क्या नहीं कियाह्यह्य। जब उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा तो उन्होंने अपना यह वक्तव्य वापिस ले लिया मगर पोल तो खुल चुकी थी।

आरएसएस हमेशा से अमेरिका का पिछलग्गू रहा है। यहां तक कि उसने अमेरिका के वियतनाम पर हमले का भी समर्थन किया था। संघ की राजनैतिक शाखा भारतीय जनसंघ सहकारिता और सार्वजनिक क्षेत्र के उस मॉडल के खिलाफ थे जिसकी मदद से भारत का औद्योगिकरण हुआ। पाकिस्तान हर चीज में अमेरिका की मदद के प्रति इतना आश्वस्त था कि उसने अपनी औद्योगिक, शैक्षणिक और शोध अधोसंरचना विकसित ही नहीं की। भारत की वर्तमान सरकार का फोकस पहचान से जुड़े मुद्दों, गाय-बीफ आदि पर है। वह डार्विन के सिद्धांत को खारिज करती है और मेंडलीफ की आवर्त सारणी को विज्ञान के पाठ्यक्रम से बाहर कर दिया गया है। यह सरकार धीरेन्द्र शास्त्री जैसे बाबाओं की गिरफ्त में है और अंधश्रद्धा को बढ़ावा दे रही है। इसके साथ ही वह अमेरिका की पिछलग्गू भी बनी हुई है। यही वह राह है जिस पर पाकिस्तान भी चला था जिसके चलते वहां न तो प्रजातंत्र जड़ पकड़ सका और न ही देश का विकास हो सका।

राम पुनियानी

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# भगवान राम के ध्यान से बीमारी पर जीत हासिल कर लेंगे

बीमारी मुख्य रूप से अपच, नींद न आने और एंग्जायटी की वजह से होती है, और बीमारी के बारे में चिंता करने से यह और बढ़ जाती है। जब आपको नींद न आए तो बैठकर गाना गाएं। बस बैठकर भगवान राम का ध्यान अपने विचारों को बिना उनसे इंटरैक्ट किए देखने से मन शांत होता है। आखिर, आपके मन में जो विचार हैं, वे आपके ही हैं। आप उनसे कब तक डरेंगे? अपने विचारों को, चाहे वे कितने भी डरावने क्यों न हों, बार-बार शांत और न्यूट्रल मन से देखने से उनकी इंटेंसिटी कम हो जाती है। अपने मन के साथ खुद को मिलाने और खुद के साथ शांति पाने का यही एकमात्र तरीका है। अगर आप अपने मन से दोस्ती कर लेते हैं, तो आप अपनी आधी बीमारी और दुख पर जीत हासिल कर लेंगे। भगवान ने आपको ऐसा शरीर दिया है जिसमें बीमारी अपने आप ठीक हो जाती है। बीमारी के बारे में सोचना, बार-बार उसके बारे में बात करना और उससे डरना उसे और बढ़ाता है। जीने के ये नए तरीके आपकी पर्सनैलिटी के डेवलपमेंट के लिए फायदेमंद होंगे। होम्योपैथी, एलोपैथी वगैरह से ज्यादा फायदेमंद है बीमारी की चिंता न करना। बीमारी की चिंता करने से वह और बढ़ती है। इलाज ढूंढना होगा। कुछ लोग, अपने नाजुक स्वभाव के बावजूद, बीमार रहना चाहते हैं। यह उनके लिए गर्व की बात है। ऐसे लोगों से हमेशा बचें। उनके संपर्क में आने से मनगढ़ंत बीमारियाँ होती हैं। किसी खास व्यक्ति की बीमारी के लक्षणों पर ध्यान देना, या यह सोचना कि आपको वह बीमारी हो रही है, एक बड़ी गलती है। अगर आप डॉक्टर नहीं हैं, तो बीमारियों के बारे में डिटेल में जानकारी हासिल करने की कोशिश न करें, क्योंकि उनके बारे में जानकर आप अपने मन में भी बीमारी के बारे में गलत सोच बना सकते हैं। ऐसे डॉक्टर से बचें जो बीमारी को बहुत खराब बताकर उसे लाइलाज जैसा बना दे। कुछ काम ऐसे होंगे जिनसे आपको डर लगेगा, कुछ चीजें जो आपने पहले कभी नहीं की होंगी; उन्हें एक्सप्लोर करें। जब आप ज़िंदगी में मुश्किलों का सामना करते हैं, तो आप अपने डर पर काबू पाने लगते हैं, और इससे आपको आगे बढ़ने में मदद मिलती है। आपको एक गंभीर बीमारी है; आपका इलाज करना मुश्किल है—ऐसी बातें अक्सर बिना सोचे-समझे डॉक्टर कहते हैं। अपनी तुलना किसी बीमार व्यक्ति से न करें; हेल्दी लोगों से प्रेरणा लें। हर किसी की हालत अलग होती है। उम्मीद, विश्वास और पक्की इच्छाशक्ति से गंभीर बीमारियाँ भी ठीक हो सकती हैं। इसलिए, नेगेटिव सोच बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। अपनी रिकवरी और हेल्दी रहने पर पक्का विश्वास रखें। ज़िंदगी में विश्वास, जोश और भरोसा इंसान को हमेशा जवान बनाए रखता है। बीमार सोच में जीने से बीमारी और बढ़ती है। अपनी ताकत पर काम करें। कुछ ऐसी घटनाएँ होती हैं जो हमारी ज़िंदगी पर असर डालती हैं, जिससे हम सख़्त हो जाते हैं। यह हमें अपने अनुभव को बढ़ाने और अपनी सोच की रुकावटों को दूर करने से रोकता है। एक मुमकिन हल यह है कि इन खराब सोच और पहले से बनी सोच को छोड़ दें और हालात को बड़े नजरिए से देखें। अपने दिमाग की खिड़कियाँ खोलें और ज्ञान की रोशनी को अंदर आने दें। मुश्किल बीमारियों के दर्द और तकलीफ को कम करने के लिए म्यूज़िक और गाने एक असरदार इलाज हो सकते हैं। भगवान राम और न्यूरॉन्स के बीच का कनेक्शन पुरानी हिंदू धर्म की कहानियों को मॉडर्न न्यूरोसाइंस से जोड़ता है। रामायण को अक्सर एक न्यूरोलॉजिकल रूपक माना जाता है, जहाँ कहानियाँ दिमाग के प्रोसेस को दिखाती हैं, और माना जाता है कि राम का नाम लेने से नर्वस सिस्टम स्टिमुलेट होता है और मन की शांति मिलती है। इस कनेक्शन को समझने से माइथोलॉजी, हेल्थ और फिलॉसफी के बीच लिंक जुड़ता हैः 1. ब्रेन मेटाफर के तौर पर रामायण वैदिक फिजियोलॉजी की कुछ व्याख्याओं में, रामायण की कहानी और किरदारों को इंसानी नर्वस सिस्टम का सिंबॉलिक रिप्रेजेंटेशन माना जाता हैः भगवान रामः नियोकॉर्टेक्स में मुख्य कंट्रोल सेंटर, खासकर सोमैटोसेंसरी और मोटर एरिया को दिखाते हैं। ये एरिया हमारी पूरी फिजियोलॉजी को देखते हैं और दुनिया के प्रति हमारे रिस्पॉन्स को कोऑर्डिनेट करते हैं। 14 साल का वनवासः नर्वस सिस्टम के डेवलपमेंट के सफर को दिखाता है, जहाँ समय के साथ नए रास्ते, स्किल और कनेक्शन (न्यूरल प्लास्टिसिटी) धीरे-धीरे बनते और मजबूत होते हैं। 2. मंत्र पढ़ने के न्यूरोलॉजिकल फायदे कई स्पिरिचुअल गुरु और अल्टरनेटिव मेडिसिन के सपोर्टर राम मंत्र पढ़ने के कॉग्निटिव और साइकोलॉजिकल फायदों पर जोर देते हैं। वाइब्रेशनल असरः माना जाता है कि मंत्र पढ़ने की रिदमिक साउंड खास न्यूरल वाइब्रेशन पैदा करती है जो ओवरएक्टिव दिमाग को शांत करने में मदद कर सकती है।

मेंटल फोकसः मेडिटेटिव मंत्र पढ़ने से पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम एक्टिवेट होता है, जो स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। 3. लीडरशिप और सहानुभूति के गहरे सबकः मन के असली कामों के अलावा, भगवान राम को हिंदू पौराणिक कथाओं में इमोशनल इंटेलिजेंस, सहानुभूति और मेंटल कंट्रोल (मयार्दा पुरुषोत्तम) का प्रतीक माना जाता है। फैसले लेने की उनकी क्षमता मुश्किल हालात में राम के समझदारी भरे और दयालु कामों को लाइफ कोच और आध्यात्मिक गुरु एक बैलेंस्ड और मजबूत सोच बनाने के मॉडल के तौर पर स्टडी करते हैं। राम सिर्फ. हथियारों से आगे बढ़कर नर्वस सिस्टम का एक सिंबॉलिक रिप्रेजेंटेशन बन जाते हैं। यह सिंबॉलिज्म इस बात की बारीकियों को दिखाता है कि हमारे शरीर में जानकारी कैसे प्रोसेस और ट्रांसमिट होती है। इसके अलावा, सरयू नदी अयोध्या शहर की सीमा पर बहती है, और मिडिल ब्रेन पाथ नहीं के कॉन्सेप्ट से जुड़ा है। राम के तीर, जो हमेशा उनके तरकश में लौट आते थे, नर्वस सिस्टम जैसा एक मैकेनिज्म दिखाते हैं, जो सेंट्रल नर्वस सिस्टम को खास एनवायरनमेंटल एक्टिविटी के बारे में बताते हैं। राम के तीरों में खास सेंसरी स्पिंडल फाइबर पाए जाते हैं, जो मसल्स टेंशन के बारे में जानकारी वापस ब्रेन तक पहुंचाने में मदद करते हैं और लगातार रिन्यू होते रहते हैं, जो नर्व सेल की खुद को रिन्यू करने और सेलुलर लेवल पर बार-बार इम्पल्स ट्रांसमिट करने की क्षमता को दिखाते हैं।

संजय गोस्वामी

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संक्षिप्त खबरें

## पुरुषोत्तम मास में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, निकली कलश यात्रा



वाराणसी, (एजेंसी) : पुरुषोत्तम मास के अवसर पर जय श्री कृष्णा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। ढोल-शहनाई और राधा-कृष्ण स्वरूपों के साथ निकली यात्रा में करीब 300 श्रद्धालु शामिल हुए।

कथा का आयोजन 24 से 31 मई तक प्रतिदिन सायं 4 से 7 बजे तक पूज्य श्री संजय शास्त्री जी के मुखारविंद से किया जा रहा है। आयोजन खरङ क्क्रऋउएड सिनेटर कृष्ण मोहन अग्रवाल एवं रितु अग्रवाल परिवार के सौजन्य से हो रहा है।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से सपरिवार कथा श्रवण हेतु पहुंचने की अपील की है।

## इबोला संकट से निपटने के लिए भारत ने अफ्रीका को भेजी चिकित्सा सहायता की पहली खेप



नई दिल्ली, (एजेंसी) : भारत सरकार ने अफ्रीका में तेजी से फैल रहे इबोला जन स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए मानवीय सहायता के तहत चिकित्सा सामग्री और सुरक्षा किटों की पहली खेप रविवार को रवाना कर दी। यह सहायता अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) को भेजी गई है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत उभरते इबोला जन स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने में अफ्रीकी देशों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा, इबोला संकट से निपटने में अफ्रीका का समर्थन करने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

भारत द्वारा भेजी गई इस सहायता में चिकित्सा उपयोग की आवश्यक सामग्री, सुरक्षा उपकरण और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए विशेष सुरक्षा किट शामिल हैं। इन संसाधनों का उपयोग प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमण नियंत्रण, मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा।

अफ्रीका के कई हिस्सों में इबोला संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग और संसाधनों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे समय में भारत की यह पहल वैश्विक एकजुटता और साझेदारी का महत्वपूर्ण उदाहरण मानी जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इबोला जैसी संक्रामक बीमारी से निपटने के लिए त्वरित चिकित्सा सहायता, सुरक्षा उपकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं। भारत पहले भी विभिन्न देशों को स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान दवाइयां, वैक्सीन और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराता रहा है।

भारत सरकार ने संकेत दिए हैं कि आवश्यकता पड़ने पर आने वाले दिनों में अतिरिक्त सहायता सामग्री भी भेजी जा सकती है, ताकि प्रभावित देशों को राहत और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिल सके।

## बंगाल के फलता में दो राउंड की गिनती में भाजपा 15 हजार मतों से आगे, तृणमूल चौथे स्थान पर



कोलकाता, (एजेंसी) :पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की फलता विधानसभा सीट पर हुए पुनर्मतदान की मतगणना रविवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। शुरूआती रुझानों में भारतीय जनता पार्टी ने भारी बढ़त बना ली है। दूसरे राउंड की गिनती पूरी होने तक भाजपा उम्मीदवार देवांशु पांडे 15 हजार से अधिक मतों से आगे चल रहे हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

मतगणना डायमंड हार्बर महिला विश्वविद्यालय में हो रही है। यहां 19 टेबलों पर 21 राउंड में वोटों की गिनती की जा रही है। केंद्रीय बलों की निगरानी में काउंटिंग प्रक्रिया जारी है। पोस्टल बैलेट की गिनती में भी भाजपा को स्पष्ट बढ़त मिली है। पहले राउंड की मतगणना में भाजपा करीब नौ हजार वोट से आगे रही। दूसरे स्थान पर माकपा, तीसरे पर कांग्रेस और चौथे स्थान पर तृणमूल कांग्रेस रही। उल्लेखनीय है कि तृणमूल उम्मीदवार जहांगीर खान मतदान से 48 घंटे पहले ही मुकाबले से हटने की घोषणा कर चुके हैं।

मतगणना केंद्र पर भाजपा, माकपा और कांग्रेस के काउंटिंग एजेंट मौजूद हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस का कोई एजेंट केंद्र पर नहीं पहुंचा। फलता सीट पर 21 मई को पुनर्मतदान कराया गया था। 29 अप्रैल को हुए मतदान को बड़े पैमाने पर धांधली और ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोपों के कारण निर्वाचन आयोग ने रद कर दिया था। इसके बाद यहां दोबारा मतदान कराने का फैसला लिया गया। राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा पहले ही 207 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। फलता सीट पर जीत मिलने पर पार्टी का आंकड़ा 208 तक पहुंच जाएगा। शुरूआती रुझानों से भाजपा खेमे में उत्साह का माहौल है।

# केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 25 मई को मिजोरम में 32.15 करोड़ की मत्स्य परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन-शिलान्यास




नई दिल्ली, (एजेंसी) : केंद्रीय मत्स्य पालन एवं पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह 25 मई को मिजोरम में 32.15 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण मत्स्य पालन परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में आधुनिक, टिकाऊ और आत्मनिर्भर मत्स्य पालन व्यवस्था को बढ़ावा देना है।

मत्स्य पालन, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन मंत्रालय के अनुसार आइजोल में ह्लक्षेत्रीय समीक्षा बैठक : पूर्वोत्तर क्षेत्र-2026ह्व कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान मंत्री राजीव रंजन सिंह मंत्री रप्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनार (पीएमएमएसवाई) और मत्स्य एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष (एफआईडीएफ) के तहत विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

मंत्रालय ने कहा कि यह पहल पूर्वोत्तर राज्यों में मत्स्य पालन क्षेत्र को सशक्त बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार तथा आजीविका के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री क्षेत्र के मत्स्य पालन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे। इनमें मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), सर्वश्रेष्ठ मत्स्य पालन स्टार्टअप तथा उत्कृष्ट मत्स्य सहकारी समितियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल तथा जॉर्ज कुरियन भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के मत्स्य पालन एवं पशुपालन विभागों के मंत्री, विभागीय सचिव और केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी क्षेत्रों में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना है। साथ ही किसानों के कल्याण, सतत क्षेत्रीय विकास और ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने के लिए भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं और पहलों का शुभारंभ भी किया जाएगा। इनमें बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियों (एमड-ीसीएस) के विस्तार के लिए ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण की शुरूआत, अफ्रीकी स्वाइन फीवर जागरूकता फिल्म का विमोचन, ह्लसूअर पालन में अच्छी पशुपालन पद्धतियाँह्व पुस्तिका का लोकार्पण तथा मिजोरम मिल्क प्रोड्यूसर्स कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड द्वारा ह्यमुलकोह्न गाय के घी की लॉन्चिंग शामिल है।

इसके अतिरिक्त ह्लमिजो कैफेह्व का उद्घाटन, एफपीओ कार्यालय-सह-बिक्री आउटलेट का शुभारंभ और विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला का अनावरण भी किया जाएगा। बैठक में उत्पादन बढ़ाने, मूल्य श्रृंखला की कमियों को दूर करने, बाजार संपर्क मजबूत करने और निर्यात को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विशेष चर्चा होगी।

केंद्र सरकार का मानना है कि इन पहलों से पूर्वोत्तर क्षेत्र में मत्स्य पालन और पशुपालन आधारित अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी तथा किसानों, उद्यमियों और सहकारी समितियों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा।

## राहुल गांधी के एक साल में सरकार गिरने वाले बयान पर भाजपा हमलावर



नई दिल्ली, (एजेंसी) :लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अगले एक वर्ष में मोदी सरकार गिरने वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के बयान को देश में अराजकता फैलाने की साजिश बताया।

पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान देश के खिलाफ कांग्रेस और विपक्षी दलों के तथाकथित टूलकिट एजेंडे की ओर इशारा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा को पराजित नहीं कर पा रही है, इसलिए अब देश में अस्थिरता और अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की जनता के दिलों से हटाना संभव नहीं है और जनता कांग्रेस की राजनीति को भलीभांति समझती है।

भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि यह लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी देश की प्रगति के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं और राहुल गांधी पहले भी कई बड़े दावे कर चुके हैं, लेकिन उनका कोई असर नहीं हुआ। शाहनवाज ने कहा कि इस प्रकार की भाषा देशहित में नहीं है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि कुछ नेता विदेशी ताकतों के इशारे पर काम करते हुए देश के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने अपनी विचारधारा और पहचान से समझौता कर लिया है।केंद्रीय मंत्री सुकांता मजूमदार ने राहुल गांधी के बयान को महत्वहीन बताते हुए कहा कि राहुल गांधी कब क्या बोलेंगे, यह उनकी पार्टी के लोगों को भी नहीं पता होता।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में राहुल गांधी ने कहा था कि अगले एक वर्ष में मोदी सरकार गिर जाएगी और देश में बढ़ता आर्थिक असंतोष इसके पीछे बड़ा कारण बनेगा। बैठक में कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने भी मुस्लिम मतदाताओं के बीच पार्टी के कामकाज और संदेश को प्रभावी तरीके से पहुंचाने पर जोर दिया था।

## कर्नाटक दौरे पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, संगठन मजबूती और चुनावी रणनीति पर मंथन



बेंगलुरु, (एजेंसी) : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार कर्नाटक पहुंचे नितिन नवीन का राज्य भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। शनिवार देर रात बेंगलुरु पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से लेकर पार्टी कार्यालय तक कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।र-विवार सुबह नितिन नवीन ने पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के आमंत्रण पर उनके आवास पहुंचकर नाश्ता बैठक में हिस्सा लिया। करीब एक घंटे तक चली इस मुलाकात में राज्य में भाजपा संगठन को और मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों तथा चुनावी तैयारियों को लेकर अनौपचारिक चर्चा हुई। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता बढ़ाने और कार्यकताओं के बीच समन्वय मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।इससे पहले आज नितिन नवीन ने बेंगलुरु के प्रसिद्ध काडु मल्लेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और राज्य की समृद्धि एवं भाजपा की संगठनात्मक सफलता की कामना की। मंदिर में दर्शन के दौरान स्थानीय नेताओं और श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया।इसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में नितिन नवीन की अध्यक्षता में कई अहम बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में पार्टी के वर्तमान और पूर्व विधायक, सांसद, विधान परिषद सदस्य और विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। अलग-अलग सत्रों में नेताओं से संगठन की स्थिति, जनसंपर्क अभियान और आगामी राजनीतिक चुनौतियों पर फीडबैक लिया गया।

# निजी भूमि पर मकान निर्माण रोकने का आरोप, गोमती जोन में पुलिस आयुक्त से लगाई न्याय की गुहार

**राजातालाब में भूमि विवाद को लेकर पीड़ित ने लगाया दबंगई और उत्पीड़न का आरोप।**



वाराणसी(एजेंसी) : राजातालाब थाना क्षेत्र के कनकपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी निजी भूमि पर मकान निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने और लगातार उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त बाबतपुर से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित के अनुसार उसकी निजी भूमि आराजी संख्या 43, रकबा 3530, मौजा कनकपुर, तहसील राजातालाब, जिला वाराणसी में स्थित है, जहां वह अपने मकान का निर्माण कार्य करा रहा था। आरोप है कि गांव के ही निवासी सुरेंद्र कुमार निर्माण कार्य को रुकवाने की नीयत से झूठा आरोप लगा रहे हैं कि निर्माण नाली की भूमि पर किया जा रहा है।पीड़ित ने बताया कि राजातालाब एसडीएम द्वारा मौके पर नाली का सीमांकन कराया गया था, जिसमें यह स्पष्ट पाया गया कि निमार्णाधीन मकान नाली की जमीन में नहीं आ रहा है। राजस्व विभाग की टीम ने भी निर्माण कार्य को सही बताते हुए मकान बनवाने की बात कही थी। इसके बावजूद विपक्षी द्वारा लगातार निर्माण कार्य में बाधा डाली जा रही है।

पीड़ित का कहना है कि उसने इस संबंध में स्थानीय थाने में भी शि-ाकायत की, लेकिन कोई प्रभावी का-र्रवाई नहीं हुई। यहां तक कि एसीपी से मिलने के बाद भी विपक्षी द्वारा अभद्र व्यवहार जारी रहा। आरोप है कि राजातालाब थाना प्रभारी ने भी ह्लऊपर से दबाव होने की बात क-ही।मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस आयुक्त बाबतपुर को प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रार्थना पत्र पर पुलिस अधिकारी द्वारा लिखित आदेश दिया गया कि आवेदक के पास राजस्व विभाग की खतौनी रिपोर्ट, भूमि अभिलेख एवं अन्य साक्ष्य मौजूद हैं। यदि विपक्षी पक्ष के पास कोई वैध राजस्व रिपोर्ट, न्यायालय अथवा सक्षम प्राधिकारी का आदेश हो, तभी उसे देखा जाए, अन्यथा बिना कारण आवेदक का निर्माण कार्य न रुकवाया जाए।पीड़ित ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए उसे अपनी निजी भूमि पर निर्माण कार्य कराने की सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

# भूटान में सम्मानित हुए काशी के डॉ. देवेंद्र कुमार पाठक

**समाजसेवा एवं मानवीय कार्यों के लिए मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान**



वाराणसी/थिम्फू (एजेंसी) :काशी के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ. देवेंद्र कुमार पाठक को भूटान की राजधानी थिम्फू में आयोजित बुद्धा इंटरनेशनल प्राइड अवॉर्ड 2026 एवं अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया।

विश्व शांति, मानवता, सर्वधर्म सद्भाव एवं देवनागरी उत्थान को समर्पित इस भव्य समारोह की मुख्य अतिथि भूटान नन्स फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक डॉ. ताशी जांगमो रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीवीसी एवं बीडब्ल्यूए के संस्थापक तथा जेडीएन ग्रुप ऑफ बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैक्सन दुकपा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख, मानद कुलपति एवं सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय ने की।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस विशेष समारोह में भारत सहित विभिन्न देशों की विशिष्ट विभूतियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. देवेंद्र कुमार पाठक को समाजसेवा, मानव कल्याण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु बुद्धा इंटरनेशनल प्राइड अवॉर्ड 2026 प्रदान किया गया।समारोह का आयोजन भारत की देवनागरी उत्थान फाउंडेशन एवं धरा धाम इंटरनेशनल, अमेरिका के पंडित तिलक राज शर्मा स्मृति ट्रस्ट, बांग्लादेश के द डेली ग्लोबल नेशन तथा श्रीलंका की सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजकों में डॉ. सुनील दुबे, डॉ. सौरभ पाण्डेय, डॉ. इंद्रजीत शर्मा, डॉ. नारायण यादव एवं डॉ. महबूबुर रहमान, पीएचडी शामिल रहे।

डॉ. देवेंद्र कुमार पाठक काशी क्षेत्र में एक सक्रिय समाजसेवी के रूप में अपनी विशेष पहचान रखते हैं। वे लंबे समय से सामाजिक सेवा, जनजागरण एवं मानवीय सहयोग से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके कार्यों की स-राहना राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होती रही है।सम्मान प्राप्त होने पर डॉ. देवेंद्र कुमार पाठक ने आयोजकों एवं अंतरराष्ट्रीय मंच के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान समाजसेवा के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को और अधिक बढ़ाने वाला है।

## सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत चार दिवसीय प्रवास पर लखनऊ पहुंचे



लखनऊ, (एजेंसी) :राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत चार दिवसीय प्रवास पर लखनऊ पहुंच गए हैं। सरसंघचालक सरस्वती कुंज निरालानगर में चल रहे पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम में प्रशिक्षण लेने आए कार्यकताओं का प्रबोधन करेंगे। इस वर्ग में सरसंघचालक का बौद्धिक होगा। वो प्रवचन सत्र में भी शामिल होंगे। डॉ. मोहन राव भागवत 26 मई तक इस वर्ग में रहेंगे।निराला नगर में चल रहे कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम में नेपाल राष्ट्र सहित अवध, कानपुर, गोरक्ष व काशी प्रांत के 289 कार्यकर्ता प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस वर्ग के वर्ग कार्यवाह देवेंद्र अस्थान, वर्ग पलक क्षेत्र के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख मिथिलेश नारायण और सह वर्ग कार्यवाह रासबिहार बनाए गए हैं। वहीं क्षेत्र प्रचारक अनिल पूरा समय वर्ग में उपस्थित रहकर दे रहे हैं।

# दंतेवाड़ा में बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर बने सीख और आत्मविश्वास का केंद्र



नई दिल्ली, (एजेंसी) : छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के 17 गांवों में वंचित समुदायों के बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 25 दिवसीय 20 ग्रीष्मकालीन शिविरों की शुरूआत की गई है। इन शिविरों का उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों के दौरान शिक्षा, रचनात्मक गतिविधियों और खेलकूद से जोड़कर उनके व्यक्तित्व और कौशल का विकास करना है।इस्पात मंत्रालय के अनुसार, यह विशेष पहल 20 मई से 15 जून-2026 तक राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) द्वारा शिक्षा और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कार्यरत संगठन डब्ल्यूओएससी के सहयोग से संचालित की जा रही है। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को सका-रात्मक और रचनात्मक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मविश्वास और नई सीख के साथ आगे बढ़ सकें।

इस अभियान के तहत लगभग 1700 बच्चों को अनुभवात्मक शिक्षा, कला, संगीत, हस्तशिल्प और खेल गतिविधियों से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकांश गांवों में शिविर शुरू हो चुके हैं, जबकि बच्चों की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए अतिरिक्त बैच शुरू करने की तैयारी भी की जा रही है।वर्तमान में प्रत्येक गांव में प्रतिदिन 30 से 40 बच्चे शिविरों में भाग ले रहे हैं। बच्चे प्रतिदिन तीन से चार घंटे तक विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं। इन गतिविधियों में पढ़ाई के साथ-साथ हस्तशिल्प निर्माण, चित्रकला, संगीत कार्यशालाएं और रचनात्मक अभ्यास शामिल हैं। इसके बाद बच्चे फ्रिसबी, कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों में भाग लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रहते हैं। दिन के अंत में बच्चों को पौष्टिक और स्वस्थ जलपान भी उपलब्ध कराया जाता है।शिविरों के माध्यम से बच्चों में टीमवर्क, अनुशासन, संवाद क्षमता और नेतृत्व कौशल विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयोजकों का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के भीतर आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं।एनएमडीसी ने कहा कि शिक्षा और सामुदायिक विकास से जुड़ी यह पहल ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को नई दिशा देने का प्रयास है। संस्था का मानना है कि बच्चों को रचनात्मक और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी जा सकती है।स्थानीय स्तर पर भी इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। अभिभावकों और ग्रामीणों का कहना है कि शिविर बच्चों को केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि सीखने और आत्मविश्वास विकसित करने का बेहतर अवसर प्रदान कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की गतिविधियां बच्चों के मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

25-05-2026 T.P. Page 8_Layout 1 25-05-2026 07:45 Page 1



# कपड़े पर लगे आयरन के दाग को हटाने के लिए अपनाएं ये टिप्स







जब भी हम जल्दबाजी में अपने कपड़े आयरन करते है तो कभी-कभी प्रेस इनती ज्यादा गरम हो जाती है कि हमारे कपड़े सड़ जाते है। ऐसे में हम प्रेस के दाग को हटाने की बहुत कोशिश करते है पर यह दाग धोने के बाद गहरे हो जाते हैं जो कि धुलाई से भी नहीं जाते।अगर यह दाग सफेद कपड़े पर लग जाए तो उन्हें छुड़वाना बहुत ही मुसकिल हो जाता है। आज हम आपको बताएगे कि कैसे आप इनसे कपड़ो के दाग निकाल सकती है।

### 1. सिरका

अगर आप के सफेद कपड़ों पर दाग लगा हो या पीला पड़ गया है तो उनहें हटाने के लिए कपड़े को धोने के बाद एक बाल्टी में गरम पानी सें और उसी में एक चम्मच सिरका मिलाकर उस कपड़े को फिर से धोएं। ऐसी करने से सफेद कपड़ों का पीलापन दूर हो जाता है।

### 2. नमक

नमक हर घर में पाया जाता है। आप इसका इसतेमाल कपड़ो के दाग और पीला पर दूर करने कि लिए अपना सकते है। इसके लिए आप गर्म पानी में नमक को मिला कर कपड़े को 10-20 सेकेंड के लिए भिगो दें। ऐसा करने से दाग बहुत ही जल्द गायब हो जाते है।

### 3. सर्फ

कपड़ो के दाग को हटाने के लिए ब्लीच का उपयोग न करें। इसकी जगह पर आप अच्छी क्वालिटी के सर्फ का इस्तमाल कर सकते है।

### 4. कपड़े को जमीन पर फैलाना

अगर आपके कपड़े पर आयरन से दाग लग गया है तो कपड़े को जमीन पर फैला कर सफेद सिरका और नमक को छिड़का कर रगड़ें। रगड़ने के बाद इसे 5 मिनट तक धोड़ दें और फिर पानी में डुबो कर दाग छुड़ा कर साफ कर लें।

### 5. नींबू और काला नमक

कपड़ो पर लगे दागों को आसानी से छुड़वाने के लिए नींबू और काला नमक डाल कर रगड़े।

### 6. बेकिंग सोडा

पानी की आधी बाल्टी में एक चम्मच बेकिंग सोडा मिला कर उसमें कपड़ों को 15 मिनट के लिए भिगो दें। बाद में कपड़ो को निकाल कर साबुन या सर्फ से साफ कर लें।

### 7. कपड़े ड्रायर से न सुखाएं

अगर कपड़े पर आयरन के दाग लगे है तो कभी भी ड्रायर से न सुखाएं। ड्रायर का साथ कपड़े सुखाने से लगे दाग और भी गहरे हो जाते है।

# डिशवॉशर से कभी न साफ करें ये चीजें, नहीं तो...

डिश सोप हर घर में पाया जाता हैं। इसका इस्तेमाल बर्तनों को धोने के लिए किया जाता है। पर कुछ लोग इसे बहुत सी ऐसी चीजों को धोने के लिए उपयोग करते हैं जो कि उन चीजों की चमक खत्म कर देता है। आज हम आपको कुछ ऐसी ही चीजों के बारे में बताएगें जिनहें डिशवॉशर से कभी नही साफ करना चाहिए। तो आइए जानते है उन चीजों के बारे में...

### 1. कार को डिश सोप से ना धोएं

अगर आपकी कार बहुत गंदी है और आप उसे धोना चाहते है तो आपको बता दें कि इसे कभी भी डिश सोप से न धोएं क्योंकि इससे आपकी कार का रंग धीरे-धीरे से फेड हो कर निकल जाएगा। ऐसे में आप कार को वाश करने के लिए शैंपू का उपयोग कर सकते है।

### 2. डिश सोप से कपड़े न धोएं

हम सब यह तो जानते है कि जब कपड़ों पर दांग लग



जाते है उनहें आसानी ले नही छुड़ाया जा सकता। ऐसे में इन दांगों को हटाने के लिए कठोर डिटर्जेंट की जरुरत होती है। कुछ लोग दागों को हटाने के लिए बर्तन धोने वाले डिश सोप का इस्तेमाल कर लेते है। पर यह कपड़ों को धोने के लिए काफी हल्का होता है। इसे आप सिर्फ गिलास, प्लास्टिक और मेटल की चीजें ही धो सकते है।

### 3. डिश सोप से कभी हाथ ना धोएं

कभी-कभी ज्यगबाजी में हम सभी बर्तन धोने वाले डिश सोप से ही हाथ धों लेते हैं। पर हमें इसे हाथ नही धोंने चाहिएं क्योंकि यह सोप हमारे हाथों की खूबसूरती को और हमारे हाथों की कोमल स्किन को खराब देते हैं।

### 4. लेदर की चीजें

आजकल देखा गया है कि हर किसी के घर में सोफे पर लेदर कवर चाड़े होते हैं क्योंकि इन पर दांग लगने पर आसानी से साफ किया जा सकता है। ऐसे में अगर सोफे पर कुछ गिर भी जाए तो उनहें कभी भी बर्तन धोने वाले डिश सोप से न धोएं। लेदर को इससे साफ करने से इसकी चमक खो जाती है।

### 5. डिशवॉशर

डिशवॉशर काफी हल्का होता है और इसकी झाग ज्यादा होती हैं। इससे कपड़ें अच्छें सो नही धूल पाते इसीलिए

## वास्तु दोष को दूर करना चाहते है तो घर में रखें

# मछली का एक्वेरियम

कई बार घर में पैसे और अन्य किस्म की सारी सुविधाएं होने के बावजूद भी क्लेश खत्म नहीं होता। इसके पीछे की वजह वास्तुदोष हो सकता है हालांकि वास्तुशास्त्र पर कुछ लोग यकीन करते हैं तो कुछ नहीं। लेकिन क्या आपको पता है कि मछली का एक्वेरियम भी वास्तु दोष का कारण बन सकता है। आपके घर में जो भी मछली घर हो, उसमें नौ मछलियां रखनी चाहिए न कि आठ। एक्वेरियम को रखने की जगह भी उचित होनी चाहिए। मछलियों को बार-बार एक से दूसरी जगह पर नहीं रखना चाहिए और उन्हे सिर्फ एक ही व्यक्ति के द्वारा भोजन देना चाहिए। मछली के टैंक या जार को बिल्कुल साफ रखना चाहिए। फिल्टर्स, एरिएशन आदि बिल्कुल सही तरीके से चलने चाहिए। अगर आप अपने फिश एक्वेरियम को अच्छा और रंगीन रखना चाहते है तो उसमें कुछ प्रकार के आर्टिफिशियल प्लांट भी लगा सकते हैं। वास्तु दोष का कारण ये एक्वेरियम आसानी से बन सकते हैं। इसलिए अगर आपको ये दोष दूर करने हैं तो आपको निम्न बातों पर विशेष रखना चाहिए।

### 1. बुरी नजर से दूर रखें

कहते है कि घर में मछली को रखना शगुन होता है क्योंकि मछलियां घर को बुरी नजर से दूर रखती हैं। ऐसा माना जाता है कि अगर आपके द्वारा पाली गई मछलियां प्राकृतिक मृत्यु मरती हैं तो आपके घर या ऑफिस की भी समस्याएं खतम हो जाती हैं।

### 2. सकारात्मक ऊर्जा का संचार

मछलियों का पालन करने से घर और कार्यालय में काफी ज्यादा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जब आप थके हुए होते हैं तो उस समय इन मछलियों को देखे। ऐसी करने से आपके दिमाग को आराम मिलता है और एक सुकून भरा वातावरण बन जाता है।

### 3. घर या ऑफिस में वास्तु दोष

अगर आपको लगता है कि आपके घर या ऑफिस में परेशानियां आ रही हैं तो इसका मतलब है कि वास्तु दोष है। अगर है तो इसे मिटाने के लिए उस जगह पर फिश एक्वेरियम रखें। इससे समस्याएं भी सुलझेंगी और पैसा भी खूब आएगा। मछलियों को दाना देने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### 4. वातावरण खुशनुमा रहता है

मछलियां बहुत एक्टिव होती हैं, जो हमें प्रोत्साहित करती हैं और हमारे अंदर उमंग भर देती हैं। एक्वेरियम रखने से पूरे घर का वातावरण खुशनुमा रहता है। ऐसे बुरी ऊर्जा का संचार नहीं होता है और रंगीन मछलियां आकर्षित करती हैं।

### 5. मछलियों को घर में रखने से ऊर्जा आती है

वास्तु शास्त्र के अनुसार, एक फिश टैंक में ढेर सारा पानी भरा जाता है जो भार को सही तरीके से बैलेंस करता है। भार को बैलेंस करन के लिए फिश टैंक को हॉल या वरांडा साउथ वेस्ट कोने में रख जाना चाहिए। जिससे घर में आने वाले हर इंसान की नजर उस पर पडे। चीनी फेंग शुई के मुताबिक, मछलियों को घर में रखने से ची नामक ऊर्जा आती है जो धन और स्वास्थ्य को बढाती है।




# रूम को यूनिक लुक देना चाहते है तो करें इन वॉलपेपर की सलेक्शन

हर कोई चाहता है कि उनका घर सुंदर दिखे। ऐसे में आजकल हर कोई अपने घर के इंटीरियर सजावट की और बहुत ज्यादा ध्यान दें रहे हैं। अगर आप भी स्वीड होम को मेकओवर करना चाहती हैं, तो दीवारों का कलर बदलने के साथ ही कुछ अलग वॉल डेकोर के लिए वॉलपेपर्स का यूज करें। इससे आप अपने आशियाने को यूनिक लुक देकर खूबसूरत बना सकती हैं। वैसे तो मार्केट में बहुत से वॉलपेपर्स उपलब्ध होते हैं, लेकिन आप अपने कमरे की स्पेप और अपनी पसंद, दोनों को देखते हुए इनका चुनाव करें। ऐसा करके आप घर को कन्टेम्प्रेरी, डिजाइनर लुक देने के साथ-साथ अपने मॉनी भी बचा सकती हैं। आइए जानतो है कैसे...

### 1. विनाइल या फैब्रिक वॉलपेपर्स

आप अपने बेडरूम या लिविंग रूम को यूनिक लुक देने के लिए ट्रेडिशनल वॉलपेपर विनाइल या फैब्रिक वॉलपेपर्स में से कोई भी कलर, डिजाइन, पसंदीदा चित्रों वाले वॉलपेपर्स को ट्राई कर सकती हैं। इन जगहों पर वॉलपेपर सलेक्ट करते हुए सिर्फ आपकी पसंद ही जरूरी है।



### 2. टेक्सचर्ड वॉलपेपर

टेक्सचर्ड वॉलपेपर से मिलता है नैचुरल लुक भी इन दिनों खूब पसंद किए जा रहे हैं, क्योंकि ये नैचुरल दिखते हैं। इनमें वुड, ब्रीक जैसे कई प्राकृतिक टेक्सचर उपलब्ध हैं। ओरिजनल लुक वजह से इनकी मांग बहुत तेजी से बढ रही है।

### 3. मेटैलिक वॉपेसर्स

आज की जेनरेशन को ध्यान में रखकर इस तरह के वॉलपपर्स लॉन्च किए गए है। इनका मेटैलिक कलर व इफे क्ट लोगो द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है।

### 4. बेस्ट क्लालिटी वाले वॉशेबल वॉपेसर्स

इस बात का ध्यान रखें कि आप जिस भी तरह का वॉलपेपर पसंद कर रहें है वह वॉशेबल है या नही। वॉशेबल वॉलपेपर्स लम्बे समय तक सुंदर दिखते हैं, क्योंकि उन्हें किसी भी माइल्ड साबुन पानी व